जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 | वर्षः 17 | संख्याः 12 | प्रभात | चूरू, शनिवार 10 मई, 2025 | पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.


# भारत पाक "युद्ध" का अंतर्राष्ट्रीयकरण हुआ

## भारत के अनुसार, पाकिस्तान ने 30 से 40 ड्रोन जो काम में लिये थे, वे टर्की ने पाकिस्तान को दिये थे

- जैसलमेर में पाकिस्तान ने लगभग तीस ड्रोन से आक्रमण किया, पर, अधिकतर ये ड्रोन मार गिराये भारत ने और आक्रमण विफल किया।
- एलओसी पर जरुर पाकिस्तान ने भारी गोलाबारी की तथा पुंछ, राजौरी, कूपवाड़ा आदि में मकानों को काफी नुकसान पहुंचाया।
- जम्मू-कश्मीर व राजस्थान में जान-माल का काफी नुकसान हुआ। पर, भारत सरकार अधिकृत रूप से इस नुकसान की बात को स्वीकार नहीं कर रही है।
- मेनलाइन मीडिया ने जरूर कई अपुष्ट खबरें प्रसारित कीं, जैसे, भारतीय सेना ने लाहौर में प्रवेश कर लिया तथा रावलपिंडी व इस्लामाबाद पर भारतीय सेना ने भारी आक्रमण किया तथा नौसेना ने कराची शहर व उसके बंदरगाह को घेरकर भारी नुकसान पहुँचाया तथा पाकिस्तानी सेना के प्रमुख को गिरफ्तार कर लिया गया है।
- पर, इस प्रकरण में यू-ट्यूब चैनल्स का आचरण व भूमिका ज्यादा काबिले तारीफ थी।
- इस पूरे प्रकरण में राजनाथ सिंह छाये रहे, टीवी की चैनल्स की भूमिका व रिपोर्टिंग में और प्र.मंत्री मोदी कुछ नदारद से रहे।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मई। जहां एक ओर पाकिस्तान में भारत को करारा जवाब देने का दबाव लगातार बढ़ रहा है, वहीं, भारत और पाकिस्तान के बीच का टकराव अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सुर्खियों में आ गया है। भारतीय सरकार का कहना है कि पाकिस्तान ने बीती रात भारत पर हुए हमले में तुर्की से प्राप्त 30 से 40 ड्रोन का इस्तेमाल किया। इस खुलासे के बाद, अब तुर्की भी इस संघर्ष में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हो गया है। यह देखना बाकी है कि तुर्की इस मामले पर कैसे प्रतिक्रिया देता है।

एक विदेशी समाचार एजेंसी ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने गत रात्रि को भारत के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी प्लेन चीन द्वारा दिए गए थे। फिलहाल भारत सरकार ने इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान ने इस संघर्ष में काफी क्षति पहुंचाई है, चाहे वह जम्मू-कश्मीर में हो, या राजस्थान या गुजरात की सीमा पर। जैसलमेर में ही पाकिस्तान ने करीब 30 ड्रोन छोड़े, हालांकि भारतीय वायुसेना और थलसेना ने अधिकांश हमलों को नाकाम कर दिया।

पुंछ, राजौरी, कुपवाड़ा सहित कई इलाकों में भारी गोलीबारी और बमबारी हुई, जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। जम्मू-कश्मीर और राजस्थान में लोगों के हताहत होने की भी खबरें आ रही हैं, हालांकि सरकार ने इन रिपोर्ट्स की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

इन घटनाओं से भी अधिक चिंताजनक बात थी, भारतीय मुख्यधारा के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का पिछली रात का व्यवहार, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ झूठ पर झूठ बोले गए। मीडिया में दावा किया गया कि भारतीय सेना लाहौर में घुस गई, रावलपिंडी पर हमला हो चुका है, इस्लामाबाद पर भारत ने कब्ज़ा कर लिया है, और भारतीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सेना मूवमैंट का वीडियो वायरल करने पर एक गिरफ्तार

बाड़मेर, 9 मई (कासं)। भारत सरकार द्वारा सेना की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी या वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने पर सख्त रोक के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए की जा रही विशेष साइबर पेट्रोलिंग एवं निगरानी अभियान के तहत बाड़मेर पुलिस ने सेना के मूवमैंट का वीडियो वायरल करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

- बाड़मेर पुलिस अधीक्षक के अनुसार, बालोतरा के युवक को पुलिस टीम ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करने के कारण गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक बाड़मेर नरेन्द्र सिंह मीणा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा भारतीय सेना के मूवमैंट से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक बालोतरा के गिडा हल्का क्षेत्र में निवासरत जीयाराम पुत्र तुलसाराम जाति मेघवाल निवासी पूनियों का तला गिड़ा हाल बाड़मेर को धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता मे गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीणा ने आमजन से अपील की है कि बाड़मेर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पाकिस्तान लंबा युद्ध नहीं झेल पायेगा, भारत के खिलाफ'

## अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तान "बैलैंस ऑफ पेमैंट" के संकट से पहले ही गुजर रहा है तथा आईएमएफ के समक्ष और लोन के लिये अर्जी दे रखी है

- एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तान पर उधार की राशि 130 बिलियन डॉलर हो चुकी है तथा विदेशी मुद्रा का रिज़र्व केवल 15 बिलियन डॉलर है, जो केवल तीन महीने के आयात का खर्च वहन कर सकता है।
- जहाँ तक भारत का सवाल है, इन रेटिंग एजेंसियों के अनुसार, फर्क तो पड़ेगा लंबे युद्ध को फायनैंस करने के लिये, पर, माइक्रोइकोनॉमिक स्तर पर, भारत "स्टेबल" रहेगा, भारी पब्लिक निवेश व खुद की स्वस्थ आंतरिक खपत की वजह से।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मई। भारत के साथ सैन्य टकराव के बीच, पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय ऋण मांगे हों या नहीं, किन्तु एक बात काफी स्पष्ट है: यह देश भारत के साथ लंबे समय तक चलने वाले खर्चीले सैन्य अभियान को झेलने की स्थिति में नहीं है।

आज सुबह पाकिस्तान के आर्थिक मामलों के मंत्रालय के आधिकारिक हैंडल से एक ट्वीट किया गया (जो अब हटा दिया गया है), जिसमें बढ़ते युद्ध और शेयर बाजार में गिरावट की इस स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों से और अधिक ऋण की अपील की गई थी। इस ट्वीट को पाकिस्तान की वित्तीय तंगी की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में देखा गया। हालांकि बाद में पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस ट्वीट का खंडन किया और दावा किया कि उनका आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट हैक कर लिया गया था।

यह विवाद ऐसे समय पर हुआ है, जिस दिन आईएमएफ की एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक होने वाली है, जिसमें पाकिस्तान की अतिरिक्त फंडिंग की मांग पर फैसला लिया जाना है। भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह इस बैठक में पाकिस्तान को फंड दिए जाने का विरोध करेगा।

ग्लोबल रेटिंग एजेन्सी "फिच" के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से पाकिस्तान भुगतान संतुलन (बैलैंस ऑफ पेमैंट) संकट और भारी महंगाई से जूझ रहा है। पिछले वर्ष देश का बाहरी ऋण 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया था, जबकि विदेशी मुद्रा भंडार केवल 15 अरब डॉलर के आसपास था। जिससे केवल तीन महीनों का आयात ही किया जा सकता है।

इस्लामाबाद ने पिछले वर्ष आईएमएफ से 7 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज प्राप्त किया था। विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी अन्य बहुपक्षीय संस्थाओं से मिलने वाली फंडिंग पाकिस्तान का आर्थिक अस्तित्व बचाये रखने के लिए जरूरी है। ऑपरेशन सिंदूर शुरु होने से महज दो दिन पहले, वैश्विक रेटिंग एजेंसी "मूडीज़" ने चेतावनी दी थी कि "भारत के साथ तनाव का लगातार बढ़ना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आप अब टैरिटोरियल "आर्मी" के अफसरों व जवानों को काम पर बुला सकते हैं

## सेनाध्यक्ष को अधिकृत किया रक्षा मंत्रालय ने

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक उच्चस्तरीय बैठक आहूत की, वैस्टर्न बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेने के लिए तथा भारतीय सेना की तैयारी का भी मुआयना किया।
- रक्षा मंत्री के साथ बैठक में चीफ ऑफ डिफैंस स्टाफ, सेनाध्यक्ष, नौसेनाध्यक्ष तथा वायुसेना के चीफ व भारत के रक्षा सचिव भी मौजूद थे।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मई। पाकिस्तान के साथ बढ़ते सैन्य तनाव के बीच, भारतीय सेना प्रमुख को टेरिटोरियल आर्मी, जो रिज़र्व फोर्स होती है, को जुटाने के अधिकार दे दिये गये हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आज एक उच्चस्तरीय मीटिंग हुई, जिसमें पश्चिमी सीमा पर सिक्युरिटी की स्थिति तथा भारतीय सशस्त्र बलों की सैन्य कार्यवाही की तैयारी की समीक्षा की गई।

रक्षा मंत्रालय ने "टेरिटोरियल आर्मी रुल 1948" के तहत अपने अधिकारों को काम में लेते हुये, एक अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया कि थल सेनाध्यक्ष "रक्षा -व्यवस्था की तैयारी या नियमित सेना को सहयोग करने या उसमें बढ़ोतरी करने के प्रयोजन के लिये टेरिटोरियल आर्मी के किसी भी अधिकारी या सदस्य को बुला सकते हैं।"

यह फैसला उस पृष्ठभूमि में लिया गया, जब 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने पश्चिमी सीमा पर मिसाइलों और ड्रोन द्वारा हमले किए, जिनका भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पोकरण पर दो बार ड्रोन हमला किया पाकिस्तान ने

जैसलमेर, 09 मई। जैसलमेर के बाद बाड़मेर में भी पाकिस्तान ने ड्रोन अटैक किया है।

जैसलमेर के पोकरण में पाकिस्तान की ओर से आधे घंटे में 2 बार ड्रोन से हमले किए गए हैं। पहला हमला रात करीब 8.28 बजे और दूसरा हमला 9 बजकर 2 मिनट पर हुआ। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। बाड़मेर में भी ड्रोन अटैक हुआ है। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ड्रोन को हवा में ही मार गिराया।

- एयर डिफैंस सिस्टम ने दोनों बार ड्रोन को हवा में मार गिराया।

इससे पहले पाकिस्तान ने 7-8 मई की दरमियानी रात और 8 मई की रात को राजस्थान में 5 सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था, जिन्हें हवा में ही मार गिराया गया।

ड्रोन अटैक के बाद बाड़मेर और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पाकिस्तान के आक्रमण के जवाब में भारत ने पाकिस्तान चार "डिफैंस साईट्स" पर ड्रोन दागे

## एक ड्रोन ने पाकिस्तान के एक रडार सिस्टम को नष्ट किया

- भारत के विदेश सचिव के अनुसार, पाकिस्तान ने एक धार्मिक स्थान को भी टारगैट किया, जो पाकिस्तान के लिए भी शर्म की बात है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मई। पाकिस्तान ने शुक्रवार रात एक बार फिर उत्तरी भारत के कई क्षेत्रों में हमले शुरू कर दिए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, जम्मू, पठानकोट, सांबा, जैसलमेर और बाड़मेर के ऊपर ड्रोन देखे गए हैं।

इन क्षेत्रों के अलावा, श्रीनगर और श्रीगंगानगर (राजस्थान) में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। सेना के सूत्रों के अनुसार, ड्रोन इंटरसैप्ट किये जा रहे हैं।

जम्मू, पुंछ, बाड़मेर और पोखरण में विस्फोटों की आवाजें भी सुनी गईं। इसके साथ ही नियंत्रण रेखा (एल.ओ.सी.) पर पाकिस्तानी सेना अखनूर, सांबा और पुंछ में तोपों से गोलाबारी कर रही है।

श्रीनगर के ऊपर रात 9:22 बजे एक बड़ा विस्फोट सुनाई दिया।

शुक्रवार शाम जम्मू शहर अंधेरे में डूब गया, जब विस्फोटों की आवाजें गूंजी और सायरन बजने लगे।

यह घटनाएं भारत द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से की जा रही लगातार गोलाबारी की पृष्ठभूमि में सामने आई हैं।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, जहां मैं हूं, वहां से भारी तोपों के विस्फोटों की आवाजें लगातार सुनाई दे रही हैं। उन्होंने अंधेरे में डूबे जम्मू की तस्वीर भी पोस्ट की और कैप्शन दिया: "अब जम्मू में ब्लैकआउट है। पूरे शहर में सायरन सुनाई दे रहे हैं।"

इससे पहले, शुक्रवार को भारतीय सेना ने कहा था कि पाकिस्तान ने 8 और 9 मई की रात को भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया।

पाकिस्तान ने गुरुवार रात 36 स्थानों पर 300-400 ड्रोन भेजे - लेह से लेकर सर क्रीक तक - जिनका उद्देश्य भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाना था।

सेना ने बताया कि एक पाकिस्तानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पंजाब के सात जिलों पर पाकिस्तान का लगातार हमला

पठानकोट, 09 मई। अंधेरा होते ही पाकिस्तान ने पंजाब के फिरोजपुर, फाजिल्का, अमृतसर, तरनतारन, होशियारपुर, गुरदासपुर और पठानकोट में हमला कर दिया है। पाकिस्तानी ड्रोन घुसे तो आर्मी के डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही उड़ाना शुरू कर दिया।

- भारत आसमान में ड्रोन नष्ट कर रहा है। पाकिस्तान लगातार ड्रोन भेज रहा है।

हालांकि, पाकिस्तान लगातार ड्रोन भेज रहा है।

फिरोजपुर के खाई सेमे के गांव में ड्रोन गिरने के बाद घर में आग लग गई। यहां 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय ड्रोन गिरा, घर की लाइट जल रही थी। वहीं, गुरदासपुर में करतारपुर कॉरिडोर से 20 किमी दूर तेज धमाका हुआ है। हमले के बीच पठानकोट, फिरोजपुर, अमृतसर, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, फाजिल्का, पटियाला, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और बठिंडा में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है।

# 'वॉशिंगटन अब साउथ ईस्ट एशिया का "संकटमोचक" (क्राइसिस मैनेजर) नहीं है?

## अमेरिकी कूटनीतिक डैनियल मार्की ने उपरोक्त तथ्य की पुष्टि की

- मार्की के अनुसार, भारत ने साफ कहा, उसे किसी की मध्यस्थता की आवश्यकता नहीं है तथा पाकिस्तान को विश्वास नहीं है कि अमेरिका अब तटस्थ रहेगा।
- एक जमाना था जब, अमेरिका, अपनी सैन्य व आर्थिक मदद के दबाव के कारण पाकिस्तान से अपनी बात मनवाने की क्षमता रखता था। पर, अब पाकिस्तान, चीन, सऊदी अरब व आईएमएफ पर ज्यादा निर्भर है, सहायता व समर्थन के लिये। अतः पाकिस्तान के लिये अमेरिका का राय-मशविरा मानना आवश्यक नहीं रह गया है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मई। पाकिस्तान को निर्णायक रूप से पीछे धकेलने और भारत द्वारा पहले चरण में जीत का दावा करने के बाद, पाकिस्तान की परमाणु धमकी ने न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में चिंता की लहर पैदा कर दी है। अगर तनाव इसी तरह बढ़ ता रहा, तो परमाणु संघर्ष की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। एक गलत कदम, एक गलत आकलन - और दुनिया एक परमाणु त्रासदी का सामना कर सकती है।

लेकिन सच्चाई तो यही है कि महाशक्ति अमेरिका भी भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध को रोकने में असमर्थ हो सकता है - इसलिए नहीं कि उसकी इसमें रुचि नहीं है, बल्कि इसलिए कि उसका इस पर कंट्रोल नहीं है। भले ही अमेरिका एक प्रमुख वैश्विक शक्ति है, लेकिन दक्षिण एशिया में सुरक्षा निर्णयों को प्रभावित करने की इसकी क्षमता सीमित है। भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र है और वैश्विक मंच पर उभरता नेतृत्व चाहता है, खासकर कश्मीर या पाकिस्तान के मुद्दों पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को सख्ती से अस्वीकार करता है। दूसरी ओर, पाकिस्तान चीन और खाड़ी देशों पर कूटनीतिक और आर्थिक सहयोग के लिए अधिक निर्भर है। दोनों ही देश अब अमेरिका को एक विश्वसनीय संकटमोचक के रुप में नहीं देखते हैं। जैसा कि पूर्व अमेरिकी राजनयिक डैनियल मार्की ने कहा, "वॉशिंगटन अब दक्षिण एशिया में संकट निपटाने का पहला विकल्प नहीं है। भारत मध्यस्थ नहीं चाहता और पाकिस्तान को विश्वास नहीं है कि अमेरिका तटस्थ रहेगा।"

भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु संघर्ष कुछ घंटों में ही भड़क सकता है - दिनों की बात तो दूर है। शीत युद्ध के विपरीत, दक्षिण एशिया में "हॉटलाइन डिप्लोमेसी", परमाणु विश्वास-निर्माण उपाय, या दोनों पक्षों की सेना के बीच संकटकालीन संवाद के संस्थागत ढांचे नहीं हैं। इसका अर्थ है कि जब तक अमेरिका हस्तक्षेप की कोशिश करेगा, तब तक जमीनी घटनाक्रम - जैसे आतंकवादी हमला और उस पर भारत की प्रतिक्रिया - पहले ही शुरू हो चुके होंगे। घटनाओं की स्पीड और राजनयिक हस्तक्षेप के लिए सीमित समय, अमेरिका के हस्तक्षेप को मुश्किल कर देता है।

भारत और पाकिस्तान "स्थिरता-अस्थिरता विरोधाभास" की नीति के तहत काम करते हैं - यानी वे मानते हैं कि परमाणु हथियार पूर्ण युद्ध को रोकेंगे, इसलिए वे कम स्तर के टकराव (जैसे सीमापार हमले या ड्रोन स्ट्राइक) संचालित करते हैं। लेकिन इससे रैड लाइन्स को लेकर अस्पष्टता पैदा होती है, और अमेरिका न तो इन रेखाओं को नियन्त्रित कर सकता है, न ही उनका पालन सुनिश्चित कर सकता है। खासकर तब, जब आंतरिक राजनीतिक दबाव, जैसे जन आक्रोश या चुनावी समीकरण, निर्णयों को प्रभावित करते हों, तब ग़लत आकलन का जोखिम और ज्यादा बढ़ जाता है।

अतीत में, अमेरिका पाकिस्तान को सैन्य या आर्थिक सहायता के जरिये नियंत्रित कर सकता था। लेकिन अब पाकिस्तान चीन, सऊदी अरब और आईएमएफ पर अधिक निर्भर है, जिससे उस पर अमेरिका का प्रभाव अब कम हो गया है। इसलिये ऐसा हो सकता है कि संकट के समय पाकिस्तान अमेरिकी सलाह पर ध्यान देना जरुरी न समझे।

चीन भी अब दक्षिण एशिया में सबसे प्रभावशाली बाहरी खिलाड़ी बन चुका है। पाकिस्तान के साथ उसके गहरे आर्थिक रिश्ते (जैसे सीपीईसी ) और भारत के साथ बढ़ते व्यापारिक संबंधों ने उसे इस क्षेत्र में अमेरिका से अधिक प्रभावशाली खिलाड़ी बना दिया है। ऐसे में किसी संकट की स्थिति में, बीजिंग की बैक-चैनल कूटनीति वॉशिंगटन की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी हो सकती है तथा अमेरिका की "वास्तविक संकट -समाधानकर्ता" की परम्परागत भूमिका कमजोर सिद्ध हो सकती है।

भारत भी अक्सर अमेरिकी हस्तक्षेप को पक्षपात या अति सतर्कतापूर्ण मानता है। भारत को संदेह रहता है कि अमेरिका के कदम उसके निजी रणनीतिक हितों (जैसे चीन को रोकना या क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखना) को प्राथमिकता देते हैं, न कि भारत की सुरक्षा चिंताओं को। जैसा कि भारतीय विशेषज्ञ सी. राजा मोहन ने कहा, "अमेरिका संयम की अपील कर सकता है, लेकिन भारत के निर्णय उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक राजनीतिक अपेक्षाओं पर आधारित होंगे।"

इस प्रकार, भले ही अमेरिका चेतावनी दे, सलाह दे या गुपचुप मध्यस्थता करे, वह भारत और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# श्रीनगर एयरपोर्ट पर धमाका

श्रीनगर,09 मई। श्रीनगर एयरपोर्ट पर धमाका किया गया है। इसके अलावा, अंवतीपुरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्रोन अटैक को नाकाम किया गया। यहां बड़ा धमाका सुना गया। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू और कश्मीर में तनाव बढ़ गया, क्योंकि कई इलाकों में ज़ोरदार धमाकों की आवाज़ें सुनाई दीं और सायरन बजने लगे, जिससे केंद्र शासित प्रदेश के बड़े हिस्से अंधेरे में डूब गए।

- अवंतीपुरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्रोन अटैक नाकाम किया।

दक्षिण कश्मीर में अवंतीपोरा एयर बेस के पास विशेष रूप से धमाके सुने गए, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

रक्षा अधिकारियों ने जम्मू, सांबा और पंजाब के पठानकोट जिले में ड्रोन देखे जाने की पुष्टि की, उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल हवाई खतरों से सक्रिय रूप से निपट रहे हैं।

श्रीनगर में, मस्जिद के लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल निवासियों को सुरक्षा सावधानी के तौर पर अपनी लाइटें बंद करने की सलाह देने के लिए किया गया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

रूप की पहुँच आँखों तक है, गुण आत्मा को जीतते हैं। –पोप

# माइनिंग सेक्टर में आगे बढ़ता राजस्थान

माइनिंग सेक्टर में राजस्थान देश दुनिया का प्रमुख केन्द्र बन कर उभर रहा है। वैसे तो राजस्थान में 82 प्रकार के मिनरल के संकेत मिलते हैं वहीं 57 मिनरलों को राजस्थान में प्रमुखता से खोज और खनन का कार्य चल रहा है। अब राजस्थान में रेयर अर्थ एलिमेंट आरईई के संकेत मिलने के साथ राजस्थान तेजी से दुनिया के नक्शें पर उभरा है। राज्य सरकार ने भी माइनिंग सेक्टर को अपनी प्राथमिकता में रखा है। यही कारण है कि पिछले सवा साल में राजस्थान माइनिंग सेक्टर में नित नए आयाम स्थापित करते हुएं आगे बढ़ रहा है। माइनिंग सेक्टर की महती भूमिका को देखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने खान मंत्रालय की जिम्मेदारी अपने पास रखी और कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पिछले सवा साल में माइनिंग सेक्टर ने खनिज खोज से लेकर माइनर एवं मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन, एमनेस्टी योजना, ड्रोन सर्वे, एकबारीय समाधान योजना, नई और प्रगतिशील खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, माइनिंग सेक्टर में औद्योगिक निवेश और रोजगार के विपुल अवसर सृजित करने के अवसर विकसित कर दिए हैं। इसके साथ ही पारदर्शी व्यवस्था और प्रक्रिया के सरलीकरण की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाये जा रहे है। समय की मांग को देखते हुए ही आरईई और सेरेमिक आधारित एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है तो खनिज एक्सप्लोरेशन को गति देने के लिए राजस्थान मिनरल एक्सप्लोरेशन कारपोरेशन के गठन की बजटीय घोषणा की गई है। राजस्थान माइनिंग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त अथक प्रयासों से धरातल पर ठोस परिणाम प्राप्त करने में जुटे हैं। यही कारण है कि राजस्थान आज देश का माइनिंग सेक्टर में प्रमुख प्रदेश बन गया है। मिनरल एक्सप्लोरेशन से लेकर माइन्स ऑक्शन के क्षेत्र में नित नए आयाम बन रहे हैं तो निवेश, रोजगार और राजस्व की दृष्टि से राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में रेकार्ड राजस्व अर्जन के साथ ही राजस्व अर्जन की विकास दर में भी नया कीर्तिमान बनाया गया है। 2017 में केन्द्र सरकार ने तय किया कि देश में सभी जगह माइनिंग मिनरल्स की खुले ऑक्शन के माध्यम से ही दिए जाएंगे। इससे बहुत हद तक माइनिंग मिनरल्स की बंदर बांट पर रोक लग सकी। केन्द्र सरकार ने मेजर मिनरल्स के ऑक्शन की स्वयं के स्तर पर भी मोनेटरिंग आरंभ कर व्यवस्था को पारदर्शी और खनिज प्रधान प्रमुख राज्यों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की राह प्रशस्त की है। इसे देश के खनिज क्षेत्र का अग्रणी कदम माना जा सकता है। मेजर मिनरल के ऑक्शन में पिछले एक साल में राजस्थान ने तेजी से काम किया है और राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ठ उपलब्धि हासिल की है।

आज दुनिया के देशों की माइनिग सेक्टर पर अधिक नजर है। खासतौर से अमेरिका तो खनिज बहुल क्षेत्रों में आंखें गड़ाये ही बैठा है वह चाहे यूक्रेन हो, कनाड़ा हो या ग्रीन लैण्ड। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि रुस यह चाहता है कि अमेरिका और यूक्रेन के बीच खनिज को लेकर कोई समझौता ना हो और इसके लिए वह अपने खनिज क्षेत्रों को लेकर अमेरिका या यों कहें कि ट्रम्प से समझौता तक करने का तैयार है।

**राजस्थान खनिजों की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश हैं। राज्य सरकार ने एक बात साफ समझी है कि बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन पर अंकुश लगाने का सबसे कारगर तरीका खनिज क्षेत्रों के ब्लॉक या प्लॉट तैयार कर इन्हें पारदर्शी तरीके से ई पोर्टल के माध्यम से नीलाम किया जाए। इससे बहुत हद तक बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन को रोका जा सकता है।**

दूसरी और चीन आज खनिज संपदा के चलते ही समूचे विश्व बाजार पर लगभग एकाधिकार की स्थिति में हैं। दरअसल जिस तरह से दुनिया में नए नए गजेट्स आने लगे हैं, इलेक्ट्रिक वाहन, कार्बन उत्सर्जन के स्तर को कम करने और पर्यावरण को प्रभावित करने वाले उत्पादों के कम उपयोग पर जोर दिया जाने लगा है, उसके कारण खनिज संपदा संपन्न देशों का महत्व और अधिक बढता जा रहा है। चीन के लगभग एकाधिकार के कारण दुनिया के देश त्रस्त भी है। हमारे देश और राजस्थान में भी प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा है। माइनिंग सेक्टर आज उभरता हुआ सेक्टर है। निवेश, रोजगार और राजस्व की दृष्टि से खनिज संपदा का महत्व बढ़ता जा रहा है।

यही कारण है कि भारत सरकार ने क्रिटिकल मिनरल ब्लाकों के ऑक्शन की नीलामी अपने हाथ में ली है तो मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य में निजी प्लेयर्स की भी भागीदारी तय की जा रही है। समूचे देश में पिछले एक दशक में मिनरल एक्सप्लोरेशन के कार्य में तेजी आई है। हमारे देश में सतत खनन विकास पर जोर दिया जाने लगा है और 2016-17 से मेजर हो या माइनर मिनरल सभी माइंस नीलाम करना अनिवार्य कर दिया गया है। बदली परिस्थितियों में यह भी साफ हो जाना चाहिए कि सरकारों की ईच्छा शक्ति पर बहुत कुछ निर्भर करता है। इसका ताजातरीन उदाहरण राजस्थान सरकार और राजस्थान का खान एवं भूविज्ञान मंत्रालय है। देश-दुनिया में माइनिंग सेक्टर को नई पहचान देने के कारगर प्रयास राजस्थान में भजन लाल शर्मा सरकार ने कर के दिखाया है। केवल एक साल की समयावधी में ही माइनिंग सेक्टर में राजस्थान समूचे देश में लंबी छलांग लगाने लगा है। दिसंबर, 24 में सरकार ने कार्यभार संभालते ही माइनिंग सेक्टर में सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि खनिज बहुल क्षेत्रों की एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए डेलिनियेशन और प्लॉट व ब्लॉक तैयार करने के कार्य को प्राथमिकता दी जाए और विभाग इन तैयार प्लॉटों व ब्लॉकों की नीलामी का रोडमेप बनाकर पारदर्शी ऑक्शन प्रक्रिया को अमली जामा पहुंचायें। सरकार की मंशा के अनुसार विभागीय अमला भी जुट गया और नई सरकार बनने के तीन माह में ही 15 मेजर मिनरल ब्लॉकों का भारत सरकार के पोर्टल पर ई-नीलामी की गई तो एक साल से कुछ ही अधिक समय में नई सरकार बनने के बाद के जनवरी, 25 तक 15 ब्लॉकों सहित 15 जोड़ 34 ब्लॉक कुल 49 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफल नीलामी कर नया इतिहास रचा गया। राज्य सरकार की उपलब्धि को केन्द्र सरकार द्वारा भी सराहा गया और इसी 20 जनवरी, 25 को ओडिशा के कोणार्क में आयोजित नेशनल मांइस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2023-24 में देश में सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन करने पर राजस्थान को प्रथम पुरस्कार देकर राजस्थान के प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

राजस्थान खनिजों की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश हैं। राज्य सरकार ने एक बात साफ समझी है कि बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन पर अंकुश लगाने का सबसे कारगर तरीका खनिज क्षेत्रों के ब्लॉक या प्लॉट तैयार कर इन्हें पारदर्शी तरीके से ई पोर्टल के माध्यम से नीलाम किया जाए। इससे बहुत हद तक बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन को रोका जा सकता है। वैध खननधारक पर भी अवैध खनन गतिविधियों के लिए अब राज्य सरकार ड्रोन से एसेसमेंट अनिवार्य करने जा रही है। इसी तरह के अन्य सुधारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। माइनर मिनरल और क्वारी लाइसेंसधारी खानों के माइनिंग प्लान और माइनिंग योजनाओं का ऑनलाईन अनुमोदन इस दिशा में बढ़ता नया कदम है। ऐसे में राजस्थान ही नहीं देश के खनिज प्रधान अन्य राज्यों की सरकारों को भी एग्रेसिव कदम उठाने होंगे ताकि देश की खनिज संपदा के अवैध खनन से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। इसके साथ ही वैध खनन और सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर देकर खनिज संपदा का बेहतर दोहन हो सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 10 मई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, चित्रा नक्षत्र रात्रि 3:15 तक, सिद्धि योग रात्रि 4:01 तक, तैतिल करण सायं 5:30 तक, चन्द्रमा आज दिन 1:42 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 3:15 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 3:15 से सूर्योदय तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:25 से 9:05 तक, चर 12:23 से 2:02 तक, लाभ अमृत 2:02 से 5:21 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:46, सूर्यास्त 7:00

### मेष



परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### वृष



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मिथुन



घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। शुभ-मांगलिक कार्य से संबंधित यात्रा संभव है।

### सिंह



आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### कन्या



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### तुला



व्यावसायिक कार्यों पर अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### वृश्चिक



आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। संभावित धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक विवादों से राहत मिलेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात पारिवारिक यात्रा संभव है।

### धनु



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मकर



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य से संबंधित यात्रा संभव है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कुंभ



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब होने का भय है। दिन के मध्यान्ह पश्चात शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### मीन



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर : भारत के मनोवैज्ञानिक विकल्प और संभावित सफलता



अविनाश जोशी

भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं, और युद्ध की संभावना हमेशा बनी रहती है। पारंपरिक सैन्य टकराव के विनाशकारी परिणामों को देखते हुए, भारत संभावित संघर्ष में मनोवैज्ञानिक विकल्पों की भूमिका पर विचार कर सकता हैं। अगर हम भारत-पाक युद्ध की स्थिति में संभावित मनोवैज्ञानिक विकल्पों का विश्लेषण करे तो संभावित परिणाम ऐसे हो सकते है।

यदि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होता है, तो भारत आबादी, सेना और नेतृत्व को प्रभावित करने के लिए विभिन्न मनोवैज्ञानिक युद्ध तकनीकों का इस्तेमाल कर सकता हैं। युद्ध के दौरान, सूचना एक शक्तिशाली हथियार बन जाती है। दुश्मन की मनोदशा को कमजोर करने, भय और भ्रम पैदा करने, और अपने सैनिकों और नागरिकों के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए गहन प्रचार अभियान चला सकते हैं। यह टेलीविजन, रेडियो, सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे विभिन्न माध्यमों से किया जा सकता है। लक्षित संदेश दुश्मन के सैनिकों को आत्म समर्पण करने या नागरिक आबादी को सरकार के खिलाफ विद्रोह करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। दुश्मन को गुमराह करने और अविश्वास का माहौल बनाने के लिए झूठी या भ्रामक जानकारी फैलाना एक और संभावित रणनीति है। यह दुश्मन की निर्णय लेने की क्षमता को बाधित कर सकता है और उनके सैन्य अभियानों में भ्रम पैदा कर सकता है। सोशल मीडिया की व्यापक पहुंच इस तरह के अभियानों के लिए एक शक्तिशाली उपकरण प्रदान करती है। विशिष्ट मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा करने के लिए डिज़ाइन की गई कार्रवाइयां भी इस्तेमाल की जा सकती हैं। इनमें दुश्मन के ठिकानों के पास नकली हमले करना, डराने वाले संदेश प्रसारित करना, या शत्रुतापूर्ण क्षेत्रों में मनोवैज्ञानिक रूप से लक्षित सामग्री गिराना शामिल हो सकता है। इन अभियानों का उद्देश्य दुश्मन के सैनिकों को हतोत्साहित करना और उनके प्रतिरोध को कमजोर करना हो सकता है।

आधुनिक युद्ध में साइबर युद्ध एक महत्वपूर्ण आयाम जोड़ता है। भारत दुश्मन के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को लक्षित करने, सूचना प्रणालियों को हैक करने और मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा करने के लिए साइबर हमलों का उपयोग कर सकता हैं। बिजली ग्रिड, संचार नेटवर्क और वित्तीय प्रणालियों पर साइबर हमले आबादी के बीच भय और अराजकता पैदा कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिक युद्ध अभियानों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए मनोवैज्ञानिकों, समाजशास्त्रियों और संचार विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। वे दुश्मन की कमजोरियों की पहचान करने, लक्षित संदेश तैयार करने और अभियानों के प्रभाव का आकलन करने में मदद कर सकते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थितियों में मनोवैज्ञानिक तत्वों की उपस्थिति देखी गई है। भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों पर लक्षित हमले, जैसे कि बालाकोट हवाई हमला, न केवल सैन्य कार्रवाई थे बल्कि पाकिस्तान को एक मजबूत मनोवैज्ञानिक संदेश भी देते थे। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया भी इस मनोवैज्ञानिक आयाम से प्रभावित होती है।

निष्कर्ष:– भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति में, मनोवैज्ञानिक विकल्प एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पारंपरिक सैन्य कार्रवाई के पूरक या विकल्प के रूप में, मनोवैज्ञानिक युद्ध रणनीतियाँ रणनीतिक लाभ हासिल करने का एक तरीका प्रदान कर सकती हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन तकनीकों के अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं और वे शत्रुता को बढ़ा सकती हैं। इसलिए, किसी भी मनोवैज्ञानिक विकल्प का उपयोग सावधानीपूर्वक और संभावित परिणामों का पूरी तरह से आकलन करने के बाद ही किया जाना चाहिए। दोनों देशों को संघर्ष को कम करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों पर लक्षित मिसाइल हमला, न केवल एक सैन्य कार्रवाई थी, बल्कि इसमें महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक आयाम भी निहित हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत के पास कई मनोवैज्ञानिक विकल्प उपलब्ध हैं जिनका उपयोग वह अपने रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कर सकता है। भारत को यह स्पष्ट रूप से संप्रेषित करना होगा कि यह कार्रवाई आत्मरक्षा में और आतंकवाद के खिलाफ उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता के तहत की गई थी। संदेश में यह भी स्पष्टता होनी चाहिए कि भारत का लक्ष्य पाकिस्तानी राज्य या नागरिकों को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि केवल आतंकवादी समूहों को निशाना बनाना है। भारत को इस ऑपरेशन को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने आतंकवाद के खिलाफ एक जिम्मेदार और आनुपातिक कार्रवाई के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के सबूतों को साझा करके, भारत वैश्विक समर्थन जुटा सकता है और पाकिस्तान पर दबाव बढ़ा सकता है।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकवादी समूहों के बीच भय और अनिश्चितता पैदा करना है। भारत को इस संदेश को विभिन्न माध्यमों से लगातार प्रसारित करना चाहिए कि उनके सुरक्षित ठिकाने अब सुरक्षित नहीं हैं और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयां की जा सकती हैं। भारत पाकिस्तानी जनता को यह संदेश दे सकता है कि उसका कोई शत्रुतापूर्ण इरादा नहीं है, बल्कि वह क्षेत्र में शांति और स्थिरता चाहता है। यह संदेश पाकिस्तान के भीतर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। ऑपरेशन के बाद सूचनाओं का प्रभावी प्रबंधन महत्वपूर्ण है। भारत को सटीक और समय पर जानकारी प्रसारित करनी होगी और पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा सकने वाले किसी भी दुष्प्रचार का मुकाबला करना होगा। भारत के संदेश की विश्वसनीयता महत्वपूर्ण है। यदि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और पाकिस्तानी जनता यह मानते हैं कि भारत की कार्रवाई न्यायसंगत और आवश्यक थी, तो मनोवैज्ञानिक प्रभाव अधिक होगा। चूंकि ऑपरेशन में केवल आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया था और किसी भी नागरिक या सैन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया गया था, यह भारत की जिम्मेदारी और संयम का संदेश देता है। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन को बनाए रखने में मदद कर सकता है। ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ एक सतत रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। भविष्य में इसी तरह की कार्रवाइयों की संभावना पाकिस्तान पर लगातार मनोवैज्ञानिक दबाव बनाए रखेगी। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया भी ऑपरेशन की मनोवैज्ञानिक सफलता को प्रभावित करेगी। यदि पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करता है या दुष्प्रचार फैलाता है, तो भारत को प्रभावी ढंग से उसका मुकाबला करने के लिए तैयार रहना होगा।

ऑपरेशन सिंदूर में भारत के पास महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक विकल्प मौजूद हैं जिनका उपयोग वह अपने रणनीतिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए कर सकता है। एक स्पष्ट और दृढ़ संदेश, अंतर्राष्ट्रीय जनमत का प्रभावी उपयोग, आतंकवादी समूहों पर लक्षित दबाव और सूचना युद्ध का कुशल प्रबंधन इस ऑपरेशन की मनोवैज्ञानिक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि मनोवैज्ञानिक युद्ध एक जटिल प्रक्रिया है और इसकी सफलता की कोई गारंटी नहीं है। भारत को एक सुसंगत और दीर्घकालिक रणनीति के तहत इन विकल्पों का उपयोग करना होगा ताकि वह वांछित परिणाम प्राप्त कर सके।

**–अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक**

# उरी और पुलवामा से पहलगाम तक सिंधु नदी समझौता



रामपाल जाट

**''कहु रहीम कैसे निभै, बेर केर को संग। वे डोल डोलत रस आपने, उनके फाटत अंग ॥''** रहीमदास ने सज्जन और दुर्जन के साथ-साथ रहने की तुलना केले एवं बेर से की है। यह भारत एवं पाकिस्तान के संबंध में सटीक तुलना है। केले के पत्ते हवा में झोंका लेते हैं तो पड़ोस में कांटे वाला बेर उनके पत्तों को फाड़ देता है।

अखंड भारत के खंडित होने पर स्थितियों में परिवर्तन हुआ। अखंड भारत में सिंधु, झेलम, चिनाब, सतलुज, रावी, ब्यास नदियों का भी भारत खंडित होने पर बटवारा हो गया। इनमें से सिंधु नदी विश्व की लंबी नदियों में 21वें स्थान पर है । एशिया की सबसे लंबी नदी यांग्त्ज़ी चीन में है, उसके बाद दूसरे स्थान पर सिंधु नदी है। सिंधु जल समझौता 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत की ओर से प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू तथा पाकिस्तान की ओर से राष्ट्रपति अयूब खान के हस्ताक्षरों से निष्पादित हुआ था। इस समझौते के अनुसार भारत को सतलुज, ब्यास एवं रावी का पानी 14.9+14 +7. कुल 35.9 मिलियन एकड़ घन फीट तथा पाकिस्तान को सिंधु, झेलम एवं चिनाब का पानी 93+23+26= 142 कुल 142 मिलियन एकड़ घन फीट प्राप्त हुआ। इस प्रकार कुल उपलब्ध पानी में से पाकिस्तान को प्राप्त होने वाले पानी की मात्रा भारत को प्राप्त होने वाले पानी की मात्रा से चार गुना अधिक है। प्रतिशत के रूप में पाकिस्तान को 80.52 प्रतिशत तथा भारत को 19.48 प्रतिशत पानी प्राप्त हुआ।

पानी प्राप्त होने पर भारत की मिट्टी सोना उगलती है। समृद्धि की बढ़ोतरी में पानी जादू का काम करता है एवं देश की अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ सोपान है। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो की सभ्यता का संबंध सिंधु घाटी से ही है। सिंधु जल समझौते के समय इस वैचारिकता को दुर्लक्ष्य नहीं किया गया होता तो इस प्रकार का समझौता संभव नहीं था। पूर्व की ओर बहने वाली सिंधु, झेलम एवं चिनाब एवं पश्चिम की ओर बहने वाली सतलुज, रावी, ब्यास नदियों का भी देश के साथ विभाजन हो गया। पश्चिम की ओर बहने वाली सिंधु, झेलम एवं चिनाब का ऊपरी तटीय क्षेत्र भारत में तथा निचला तटीय क्षेत्र पाकिस्तान में है। ये तीनों नदियां भारत से होती हुई पाकिस्तान जाती है। इन स्थितियों में अपने हितों के अनुकूल न्यायपूर्ण समझौते की दृष्टि से भारत अच्छी स्थिति में था। उस समय भाखड़ा नांगल बांध भी नहीं बना था। ब्रिटिश काल में सिंधु, झेलम एवं चिनाब नदियों पर बांध एवं नहरी तंत्र पाकिस्तान में चला गया था। भारत सिंचाई की दृष्टि से अभाव एवं पिछड़ेपन की स्थिति में था। इस नदी तंत्र क्षेत्र में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान है। जहां कृषि योग्य भूमि को सिंचाई की पाकिस्तान से अधिक आवश्यकता थी। किंतु यह विषय प्राथमिकता में नहीं होने के कारण पंजाब के कुछ क्षेत्र के अतिरिक्त सतलुज के आसपास होते हुए भी यह क्षेत्र सिंचाई से वंचित रह गया।

वर्ष 1947 में विद्यमान कृषि प्रणाली को संधि का आधार बनाया गया था। उस समय अधिकांश उन्नत कृषि का क्षेत्र पाकिस्तान में चला गया था। संधि का आधार भौगोलिक क्षेत्रफल होता तो भारत को 82% यानी 138 मिलियन एकड़ घन फीट तथा पाकिस्तान को 18% पानी प्राप्त होता। विश्व में ऐसे भी उदाहरण हैं, जहां ऊपरी तटीय राष्ट्रों ने निचले तटीय राष्ट्रों के हितों को अनदेखा करते हुए नदियों का 90% पानी का उपयोग करने के लिए योजनाएं बनाई हुई हैं। जिसमें अमेरिका तथा चीन प्रमुख हैं। भारत तो न्यायपूर्ण ढंग से अपने भाग का पानी लेने में पहल कर सकता था। 1947 की सिंचाई प्रणाली की तुलना में वर्तमान की सिंचाई प्रणाली में बहुत बड़ा अंतर आया है। इन परिवर्तित परिस्थितियों में इस समझोते की समीक्षा समीचीन है।

सिंधु नदी तंत्र प्रकृति का वरदान है। जिसमें संपूर्ण रूप से पानी को रोकना असंभव सा है। फिर इस पानी को रोकने के परिणामस्वरूप जम्मू कश्मीर का बड़ा भाग जलमग्न हो सकता है। उसके लिए आपात योजनाओं की आवश्यकता रहेगी दूसरी ओर पानी को मोड़ने के लिए भाखड़ा नागल एवं फिरोजपुर बैराज जैसे जल संग्रहण स्थलों का उपयोग किया जा सकता है।

भारत तो **'वसुदेव कुटुंबकम'** की भावना से ओतप्रोत होने से उदार देश है। इस उदार चरित्र की रक्षा के लिए भी पात्रता को देखना अपरिहार्य है। कुपात्र के साथ उदारता का व्यवहार मानव कल्याण को क्षित पहुंचाता है। इसीलिए **'सठे शाठयं समाचरेत की नीति'** अपनाने की आवश्यकता रहती है। 64 वर्षों में भारत ने संधि का अक्षरश: पालन किया। उसके उपरांत भी पाकिस्तान ने बगलहार एवं किशनगंगा जैसी परियोजनाओं पर आपत्ति उठाई। विशेषज्ञ तटस्थो ने उसे निरस्त करते हुए भारत को सही माना। इसमें 1986 से 1991 तक 13 चक्र वार्ता होने जैसे उपक्रमों के कारण परियोजनाओं के निर्माण में विलंब की क्षति भारत को ही सहन करनी पड़ी। पानी की कमी के कारण पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में उत्पन्न विवादों का दंश भी भारत को झेलना पड़ा। विवाद निपटारे के लिए त्रिस्तरीय प्रणाली में स्थाई सिंधु आयोग, तटस्थ विशेषज्ञो की नियुक्ति तथा मध्यस्थ पंचाट का पाकिस्तान द्वारा दुरुपयोग किया गया। समझौता शुरू होते ही 1965 में भारत पर युद्ध थोपा गया। चरमपंथियों के आक्रमणों के कारण राजनीतिक तनाव बना रहा। तब भी भारत की सत्य आधारित भूमिका के कारण विश्व स्तर पर भारत एवं पाकिस्तान के मध्य निष्पादित यह सबसे अधिक सफल संधि है। जिसमें तीसरा पक्ष नहीं है। समझौते के समय विश्व बैंक की उपस्थिति अवश्य थी किंतु उसकी भूमिका मध्यस्थ की नहीं थी।

उदारता सदगुण तो है किंतु अधिक उदारता सदगुण विकृति की श्रेणी में आती है। विएना कन्वेंशन के अनुच्छेद 62 के अनुसार इस संधि को निरस्त किया जा सकता है। अभी यह संधि निरस्त नहीं की गई, बल्कि निलंबित की गई है। उसके उपरांत स्थायी सिंधु आयोग को स्थगित कर संचालन को रोक दिया गया है। भारत ने इस समझौते के अनुच्छेद (3) के अनुसार दोनों देशों की सहमति के आधार पर संशोधनों के प्रयास की दिशा में वर्ष 2023 एवं 24 में चार पत्र पाकिस्तान को भेजे थे किंतु पाकिस्तान ने कोई सार्थक पहल नहीं की। इसके विपरीत पाकिस्तान के कारण 18 सितंबर 2016 को उरी में 17 हैंडग्रैनेड के द्वारा भारतीय सेना के ब्रिगेड हेड क्वार्टर के सैन्य शिविर पर चार चरमपंथियों ने आक्रमण किया, जिसमें 19 भारतीय सैनिक शहीद हुए । 14 फरवरी 2019 को जम्मू – श्रीनगर मार्ग के लेथापोरा के पास चरमपंथी वाहन सवार ने आत्मघाती आक्रमण किया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हुए। 2025 की 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना तो अभी ताजा है, जिसमें अनेक मां-बहनों की सिंदूर छिंन गई। भारत ने वर्ष 2016 एवं 2019 में 'खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते' उद्घोषित किया था किंतु पाकिस्तान पर जूं भी नहीं रेंगी। जिन बादलों को बरसना आता है, वे गरजते नहीं है । गरजने वाले बादल बरसते नहीं हैं। सरकारों को बरसने का अवसर उपलब्ध रहता है, ऐसी स्थिति में उन्हें गरजने की आवश्यकता नहीं होती है। वर्ष 2016 में गर्जना हुई थी कि पाकिस्तान को जा रहा पानी रोक दिया जाएगा किंतु 9 वर्ष उपरांत भी परिणाम नहीं आया। इसी प्रकार पुलवामा के समय वर्ष 2019 में भी इसी प्रकार की गर्जना हुई थी किंतु उसे भी 6 वर्ष होने पर परिणाम ढाक के तीन पात जैसा ही है । अब तीसरी बार यही गर्जना की गई है, उसका भी परिणाम नहीं आया तो अविश्वास उपजेगा जो सरकार एवं देश, किसी के लिए भी शुभ नहीं कहा जा सकता ।

पहलगाम में चरमपंथियों के आक्रमण के बाद तो जन भावनाओं के अनुसार इस संधि को निरस्त करने की अपेक्षा थी। तब भी भारत ने इसे निरस्त नहीं कर निलंबित किया है। यदि यह निलंबित नहीं की जाती तो भारत सरकार जनता में अविश्वसनीय हो जाती। 'सिंदूर ऑपरेशन' ने जनता की संतुष्टि में बढ़ोतरी की है। तब भी देश को सिंधु तंत्र की नदियों का पानी प्राप्त कर न्याय पथ पर अग्रसर होना चाहिए। इसका सही समाधान तो भारत – पाक महासंघ के स्वप्न को साकार करने के लिए अखंड भारत की ओर चलना है।

**–रामपाल जाट,**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष-किसान महापंचायत**

# बालेश्वर कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार जोरों पर

## स्टोन क्रशरों की धमक और धूल-धुआं जीव-जंतुओं के जीवन को प्रभावित कर रही है

**पाटन,** (निसं)। राज्य सरकार ने दो वर्ष पूर्व सीकर जिले में बालेश्वर कंजर्वेशन रिजर्व की घोषणा की थी। यह फैसला क्षेत्र की जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को देखते हुए वर्षों की कोशिशों के बाद लिया गया था, लेकिन दो वर्षों के भीतर ही यह संरक्षित क्षेत्र माफियाओं की गतिविधियों का गढ़ बन गया है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात वर्षों में इस क्षेत्र में 17 पैंथरों की मौत हुई है। विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। अवैध खनन, स्टोन क्रशरों का बेरोकटोक संचालन और जंगलों की खुली लूट से वन्य जीवन पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। नियमों और कानूनों को ताक पर रखकर खनन माफियाओं की गतिविधियां दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं। संवेदनशील और संरक्षित घोषित क्षेत्र में भी अवैध खनन खुलेआम जारी है। स्टोन क्रशरों की धमक और धूल-धुआं ना सिर्फ जीव-जंतुओं के जीवन को प्रभावित कर रहा

**■ राज्य सरकार ने दो वर्ष पूर्व सीकर जिले में बालेश्वर कंजर्वेशन रिजर्व की घोषणा की थी**

है, बल्कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर भी घातक प्रभाव डाल रहा है। डार्क ज़ोन में बदहाली रिजर्व का एक बड़ा हिस्सा नोटिफाइड डार्क ज़ोन घोषित हो चुका है, जहां भूजल स्तर खतरनाक रूप से गिर चुका है। जानवरों और पशुओं के लिए पानी का संकट पैदा हो गया है। खेती और पशुपालन जैसे स्थानीय लोगों के जीवन के मूल आधार खत्म होते जा रहे हैं, जिससे आजीविका का संकट गहराता जा रहा है। इसके दुष्परिणाम गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक विघटन के रूप में सामने आ रहे हैं। युवाओं में बेरोजगारी और बढ़ता अपराध, इस संकट के प्रत्यक्ष परिणाम है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि भ्रष्ट राजनीति और नौकरशाही का गठजोड़ खनन माफियाओं के आगे नतमस्तक हो चुका है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जाता है, जबकि ज़मीनी हकीकत पूरी तरह से विपरीत है। यह आवश्यक है कि सरकार और न्यायपालिका इस पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें। बालेश्वर कंजर्वेशन रिजर्व को बचाने के लिए ज़मीन पर सख्त कार्रवाई, पारदर्शिता और माफिया राज पर रोक लगाना अनिवार्य है। अन्यथा, यह अनमोल जैव विविधता और हजारों लोगों की आजीविका सदा के लिए खत्म हो जाएगी।

## सार-समाचार

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में फैसला सुनाया है। जिसमें सीकर के राधाकृष्णपुरा निवासी रवि उर्फ रविन्द्र सिंह को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे दो वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। यह निर्णय विशेष न्यायाधीश इसरार खोखर ने सुनाया। मामले में एक अन्य आरोपी राहुल सिंह निवासी उद्योग नगर सीकर) को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने बताया कि एक महिला ने 18 जनवरी 2022 को चिड़ावा थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी 16 जनवरी की रात को घर पर सोई थी, लेकिन अगली सुबह लापता मिली। परिजनों ने आस पास तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। रात आठ बजे तक भी बेटी के घर न लौटने पर जब महिला ने अपने बक्से की जांच की, तो उसमें से गहने और 18 हजार रुपए भी गायब मिले। महिला ने आशंका जताई कि आरोपी रविन्द्र उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। जब उसने रविन्द्र के भाई राहुल से संपर्क किया, तो उसने बताया कि रविन्द्र भी 16 जनवरी की शाम से घर से लापता है और उसकी कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए रविन्द्र और राहुल के विरुद्ध बलात्कार और अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। राज्य सरकार की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने की। उन्होंने अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाहों के बयान और 34 दस्तावेज पेश करते हुए कोर्ट को बताया कि यह मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का है और आरोपी को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। कोर्ट ने सभी साक्ष्यों का विश्लेषण करते हुए रविन्द्र को दोषी माना और 20 साल के कठोर कारावास के साथ-साथ एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। उक्त सजा व जुर्माना के साथ अन्य धाराओं में दी गई सजाए सजा साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि जुर्माने की राशि न्यायालय में जमा होती है, तो वह पीड़िता को प्रतिकर के रूप में प्रदान की जाए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**झुंझुनूं,** (निसं) शनिवार को न्यायालयों में लंबित चल रहे करीब नौ हजार प्रकरणों का निस्तारण होगा। दरअसल शनिवार को पूरे देश में इस साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत है। जिसका आयोजन झुंझुनूं में भी किया जाएगा। डालसा सचिव डॉ. महेंद्र केएस सोलंकी ने बताया कि नालसा और रालसा के निर्देशन में झुंझुनूं में शनिवार 10 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 11 बैंचों का गठन किया गया है। इनमें से चार बैंच जिला मुख्यालय पर है। तो वहीं 7 बैंच, जिले के अलग-अलग तालुका में लगाई गई है। इन बैंचों में प्री लिटिगेशन के साढे पांच हजार और न्यायालयों में लंबित साढ़े तीन हजार के करीब मामलों का निस्तारण आपसी समझाइश से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का संदेश सुलह, समझौता, त्वरित न्याय का है। इसी क्रम में इसका आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला व सेशन न्यायाधीश के निर्देशन में झुंझुनूं जिले में होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की यही खूबसूरती है कि दोनों पक्ष आपसी सामंजस्य के साथ अपने बीच की वैमनस्यता खत्म करते है। जिसमें ना तो कोई जीतता है और ना ही कोई हारता है। इस लोक अदालत में निपटे प्रकरणों की अपील भी नहीं होती।

### चिड़ासन को ग्राम पंचायत बनाए रखने की मांग

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के चिड़ासन गांव को चनाना गांव से अलग करके नई पंचायत बनाया गया था। लेकिन अब चर्चा है कि चिड़ासन की बजाय पदमपुरा को नई ग्राम पंचायत बनाया जा रहा है और चिड़ासन को भी पदमपुरा में शामिल किया जा रहा है। इस चर्चा के बाद शुक्रवार को ग्रामीण झुंझुनूं पहुंचे। उन्होंने लिखित में जिला कलेक्टर के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करवाई। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में तैयार प्रस्ताव के अनुसार चिड़ासन को नई पंचायत बनाया गया है। जिसमें श्रीअमरपुरा, लोदीपुरा गांव शामिल किए गए है। लेकिन अब जबरदस्ती पदमपुरा को नई पंचायत बनाकर चिडासन को उसमें शामिल किया जा रहा है। जो गलत है। क्योंकि चिडासन से पदमपुरा की दूरी करीब आठ किलोमीटर है। सीधा रास्ता भी नहीं है। ग्रामीणों ने कहा है कि चिडासन हर मापदंड पर पूरा उतरती है। इसलिए चिडासन में कोई भी गांव जोडें या फिर हटाएं। हमारा विरोध यह नहीं है। लेकिन चिडासन पंचायत मुख्यालय नहीं बनाया गया तो आंदोलन करेंगे।

### 51 हजार की सहायता राशि भेंट की

**झुंझुनूं,** (निसं)। वर्तमान में देश में चल रहे युद्ध के हालातों में देश की सेना के लिए अपनी तरफ से सहयोग राशि देने वाले लोग भी पीछे नहीं है। इसी कडी में शुक्रवार को नंदीशाला झुंझुनूं समिति की महिला विंग के सदस्यों की ओर से जिला कलेक्टर को 51 हजार रूपए की आर्थिक सहायता भारतीय सेना की सहायता के लिए भेंट की। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने कहा कि सीमा पर उनके भाई देश की रक्षा कर रहे है और यहां वे अपने भाइयों की रक्षा के लिए प्रार्थना कर रही है। नंदीशाला टीम में सपना राणासरिया, डॉ. भावना शर्मा, अनिता सैनी, निर्मला ढंढारिया, नवल खंडेलिया, प्रमोद टीबड़ा, अनिल राणासरिया, दिलीप हंसासरिया, नंदलाल मोदी, प्रमोद टीबड़ा, पवन पांडला और राजेश अहलूवालिया उपस्थित रहे। टीम के साथ आए भू अभिलेख निरीक्षक राजेश अहलूवालिया ने भी अपने एक दिन का वेतन भारतीय सेना की सहायता के लिए देने का प्रार्थना पत्र जिला कलेक्टर को प्रस्तुत किया।

### 'बीडीके में हर दिन होगा स्वैच्छिक रक्तदान'

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में पीएमओ डॉ. जितेन्द्र भाम्बू की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन के मध्यनजर रक्तदान शिविर बढ़ाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ. राहुल सोनी, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. विजय झाझड़िया, डॉ. प्रियंका भास्कर, औषधि नियंत्रक अनूप रावत, श्याम, अश्विनी ने ब्लड की प्रतिदिन आवश्यकता एवं प्रतिदिन वितरण के बारे में चर्चा की गई। आपदा प्रबंधन के मध्यनजर रखते हुए अधिक आवश्यकता होने पर आमजन से स्वैच्छा से अधिकाधिक रक्तदान की अपील करने एवं एनजीओ, अन्य संस्थाओं को आगे आने के लिए प्रेरित का निर्णय लिया गया। राष्ट्रिहत में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर करवाने के लिए युवाओं को प्रेरित करने का निर्णय लिया गया। अधिकाधिक आमजन की ब्लड डायरी बनाने का निर्णय लिया गया ताकि आवश्यकता होने पर अविलंब रक्तदान किया जा सके। पीएमओ डॉ. जितेन्द्र भाम्बू ने बताया कि बीडीके अस्पताल में प्रतिदिन स्वैच्छिक रक्तदान करने की सेवाएं जारी रहेगी। आमजन किसी भी समय आपदा प्रबंधन में राष्ट्रिहत में योगदान दे सकता है।

### भारतीय सेना की सेवा में पत्र सौंपा

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में इन्टर्नशिप कर रहे चिकित्सकों ने राष्ट्र सेवा के लिए पीएमओ डॉ. जितेंद्र भाम्बू को पत्र सौंपा। सभी इंटनर्स डॉक्टर्स ने भारतीय सेना के प्रति गहरी श्रद्धा एवं समर्थन प्रकट किया है। आपातकालीन एवं राष्ट्र सकंट की स्थिति में इंटनर्स डॉक्टर्स ने सेना के साथ स्वेच्छा से सेवा प्रदान का संकल्प जाहिर किया है। इंटनर्स डॉ. अतुल शेखावत ने बताया कि हमारी पहल भारत मां के सपूतों के रूप में जिम्मेदारी निभाने की दिशा में एक कदम बताया है। इस दौरान इंटनर्स डॉ. राजन, वीरेंद्र, प्रवीण, कृतिका, अनुष्का, अमित व वसीम आदि ने स्वेच्छा से सेना में सेवा का पत्र सौंपा। गौरतलब है कि शहीद कर्नल जेपी जानूं स्कूल में मॉक ड्रिल के दौरान इंटनर्स डॉक्टर्स ने तत्परता एवं महत्ती भूमिका अदा की थी। सभी इंटनर्स डॉक्टर्स बीडीके अस्पताल में अनवरत आमजन को चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### रामावतार ढाका सेशन न्यायालय झुंझुनूं पीपी के पद पर नियुक्त

**झुंझुनूं,** (निसं)। बार एसोसिएशन झुंझुनूं के सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता रामावतार ढाका को जिला एवं सेशन न्यायालय में राजकीय अभिभाषक, पीपी के तौर पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति का श्रेय झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू को दिया। उन्होंने कहा है कि उन्हें जो सरकार द्वारा जिम्मेदारी दी गई है। उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। रामावतार ढाका के पीपी नियुक्त होने पर एडवोकेट विजयपाल, एडवोकेट दीपेंद्र, एडवोकेट महेश जाखड़, कृष्ण गावड़िया, सुरेश मील, राजेश जांगिड, सुरेश कस्वां, प्रदीप बाबल, पूर्व पार्षद प्रमोद जानूं ने खुशी व्यक्त की।

# सीमा पर उत्पन्न हुई तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने बैठक ली

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सीमा पर उत्पन्न हुई तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। जिला कलेक्टर ने बैठक में वर्तमान हालात में लोगों को जागरूक रहने और सावधानी बरतने की अपील की है।

- **जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारी, कार्मिकों के अवकाश किये निरस्त**
- **वर्तमान हालात में लोगों को जागरूक रहने और सावधानी बरतने की अपील की**



**जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सीमा पर उत्पन्न हुई तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली।**

उन्होंने कहा कि जिले में आवश्यक मानव संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में नागरिकों के लिए सेवाएं बाधित न हो और उन्हें हर तरह की सहायता त्वरित मिल सके। शर्मा ने सभी राजकीय कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त करने और उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित रहने के संबंध में निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि ब्लैक आउट ड्रिल की सख्ती से अनुपालना हो और किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाए।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में ब्लैकआउट एडवाइजरी की पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि खाटूश्याम, जीणमाता सहित अन्य धार्मिक स्थान और जिले के समस्त पावर ग्रिड और जीएसएस पर कोई संदिग्ध दिखने पर आमजन तुरंत इसकी सूचना जिला प्रशासन और पुलिस को दें।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में यदि किसी के पास व्हाट्सएप पर या अन्य किसी माध्यम से कोई इंटरनेशनल कॉल आता है तो उसे किसी भी हाल में रिसीव ना करें। साथ ही इसकी सूचना भी पुलिस को दे ताकि संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके।

जिला कलेक्टर ने बैठक में आपदा प्रबंधन प्लान को भी अपडेट करने के निर्देश जारी किए हैं। बैठक में कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तमाम तरह की जीवनरक्षक दवाईयों का स्टॉक ट्रॉमा सेंटर और जिले के समस्त चिकित्सा केंद्रों पर सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, सीकर एसडीएम निखिल कुमार, जिला परिषद के सीईओ राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, एसीएम कल्पना, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरणमल सहित विद्युत, जलदाय, चिकित्सा, नगर परिषद सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सीनियर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई से

**सीकर** (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर स्थित केशवानन्द स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के तरणताल पर जिला स्तरीय सीनियर महिला/पुरूष तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई से सीकर जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में किया जा रहा है।

संघ के अध्यक्ष रामनिवास ढाका ने जानकारी देते हुए बताया कि सीकर जिले के इच्छुक तैराकी अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो, बैक पासबुक, एस.एफ.आई.यू आर्डडी कार्ड की तीन प्रतियों सहित पंजीयन शुल्क 200 रूपये के साथ तरणताल पर उपस्थित होगे।

इस प्रतियोगिता में चयनित तैराक जयपुर मे आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियेगिता में सीकर जिले का प्रतिनिधित्व करेगें। ज्ञात रहे संस्थान के इस तरणताल से इस वर्ष भी तीन खिलाडी खेलो इंडिया में राज्य के साथ सीकर व संस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

# चूरू जिले के अजय राठौड़ की फिल्म 'ओमलो' ने इतिहास रचा

- **कान फिल्म फेस्टिवल में हो रहा प्रीमियर**

**चूरू** (निसं)। अजय राठौड ने अपने व्यवसायिक करियर से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा और अब उनकी पहली फिल्म ओमलो' कान फिल्म फेस्टिवल तक पहुँच चुकी है। यह न केवल अजय राठौड के लिए, बल्कि राजस्थान के फिल्म उद्योग के लिए भी एक ऐतिहासिक पल है।

अजय राठौड़ का जन्म राजस्थान के चुरू जिले में हुआ था। उनका पृष्ठभूमि व्यवसाय से जुडा हुआ था, लेकिन फिल्मों के प्रति उनका आकर्षण उन्हें फिल्म निर्माण की ओर खींच लाया। अजय ने अपने व्यापारिक कौशल और फिल्म उद्योग के प्रति अपने जुनून को मिलाकर एक नई दिशा में कदम बढ़ाया। शुरुआत में वह व्यापार जगत में सफल थे, लेकिन फिल्म की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए उन्होंने न केवल जोखिम लिया, बल्कि अपनी सभी ऊर्जा और संसाधन इस दिशा में समर्पित किए।फिल्म निर्माण की शुरुआत में ही अजय राठौड़ ने यह सुनिश्चित किया कि उनकी फिल्में न केवल दर्शकों का मनोरंजन करें, बल्कि सामाजिक और संवेदनशील मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित करें। 'ओमलो' एक ऐसी फिल्म है जो पारिवारिक हिंसा, पितृसत्ता और मानसिक शोषण जैसे जटिल मुद्दों को एक नये दृष्टिकोण से पेश करती है। फिल्म में एक छोटे बच्चे और एक ऊँट के बीच का भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है, जो पूरी फिल्म की आत्मा है।

'ओमलो' की कहानी एक 7 साल के बच्चे और एक ऊँट के बीच के अनूठे और भावनात्मक रिश्ते को दर्शाती है। यह फिल्म पारिवारिक हिंसा और पितृसत्ता की दुखद सच्चाई को एक नए रूप में सामने लाती है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक बच्चा अपने पिता द्वारा सहन किए गए दर्द और भय को जीता है। फिल्म की शक्ति इस भावनात्मक रिश्ते में है, जो ऊँट और बच्चे के बीच विकसित होता है।फिल्म में स्त्रियों की पीड़ा, टूटती उम्मीदें, और एक माँ की खामोश प्रार्थना को चित्रित किया गया है, जिसमें वह अपने बेटे से यह उम्मीद करती है कि वह इस चक्र को तोड सके।

फिल्म का सिनेमाई दृष्टिकोण रियलिस्टिक और रॉ सिनेमा है, जिससे यह दर्शकों को अंदर तक झकझोरने में सफल होती है। फिल्म की शैली नाटकीयता से परे है और यह सीधे तौर पर दर्शकों से जुड़ती है, उन्हें सोचने के लिए मजबूर करती है। 'ओमलो' का कान फिल्म फेस्टिवल में चयन यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि सच्ची फिल्म कला और ईमानदारी से बनाई गई फिल्मों को वैश्विक मंचों पर जगह मिल सकती है। अजय राठौड़ ने साबित कर दिया कि भारत के छोटे शहरों से भी विश्वस्तरीय सिनेमा जन्म ले सकता है, बशर्ते उसकी प्रस्तुति सच्ची हो और कहानी प्रभावी हो।

### माला जप किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। सनातन धर्म के अजर अमर विष्णु भगवान के अवतार भगवान श्री परशुराम जिन्होंने आतताई राजाओं का अपने फरसे का ग्रास बनाकर उनके अत्याचारों से मुक्ति दिलवाने का काम किया। आज के परिवेश में पाक समर्थित आंतकवाद ने देश के आवाम को गोलियों से भूनने का कायराना कृत्य कर रहा है। देश का वैश्विक विप्र समाज संगठन के देशव्यापी आवाह्न पर सेना की सलामती व देश को विजय प्राप्ति के लिए प्रदोष के शुभ अवसर पर शुभ मुहूर्त में सायं 4:15 बजे से पुरोहितों की बगीची में पंडित प्रदीप शर्मा के आचार्यत्व विप्र फाउंडेशन का सिंदुरी संकल्प अभियान के तहत 11 लाख साधना मंत्र साधकों द्वारा ॐ रां रां ॐ रां रां परशुहस्ताय नमः 11 करोड़ नाम जाप के अभियान में सामूहिक भगवान परशुराम जी के माला जाप व पाठ कर राष्ट्रीय जय यज्ञ में आहुति देने आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**सीकर** (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सीकर न्यायक्षेत्र स्थित समस्त न्यायालयों में 10 मई 2025 को इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रक्रिया एवं महत्व से अवगत कराते हुए सचिव, जिला विधिक प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल ने बताया कि लोक अदालत मुकदमों के निस्तारण का सस्ता, सुलभ एवं सौहार्द्रपूर्ण उपाय है। लोक अदालत के माध्यम से निपटाए गए प्रकरणों में पक्षकारों द्वारा कोर्ट फीस के रूप में अदा किये गये राशि पक्षकारों को लौटा दी जाती हैं, जिससे पक्षकारों को सस्ता न्याय प्राप्त होता है। लोक अदालत की प्रक्रिया पक्षकारों की सहमति मात्र पर आधारित होने से इसमें कोई तकनीकी पेचीदगी नही होती हैं। इस प्रकार यह प्रक्रिया पक्षकारों के मध्य पारस्परिक वैमनस्य को दूर कर पारस्परिक सौहार्द्र एवं सामंजस्य की स्थापना करने में भी सहायक साबित होती हैं। लोक अदालत के माध्यम से निपटाये गये प्रकरणों को फैसला अंतिम होता है और इसकी कोई अपील नहीं हो सकती जिस कारण पक्षकारों को दीर्घकालीन मुकदमेबाजी से छुटकारा प्राप्त होता हैं।

लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित मुकदमों के अलावा ऐसे संभावित प्रकरणों को भी प्री-लिटिगेशन के रूप में निपटाया जा सकता हैं जिनमें भविष्य में मुकदमेबाजी की संभावना हो। मूल रूप से ऐसे प्रकरण बैंकों द्वारा पक्षकारों को दिये गये ऋणों की किश्त वसूली बाबत् बिजली-टेलिफोन के बकाया बिलों की वसूली से संबंधित होते हैं।

उन्होंने बताया कि 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सीकर न्यायक्षेत्र में लगभग 20 हजार प्रकरण चिन्हित किये गये हैं, जिनमें न्यायालयों में लंबित करिब 7000 मामले एवं प्री-लिटिगेशन के लगभग 13000 मामलों की सुनवाई की जायेगी। लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई के लिए सीकर जिला मुख्यालय एवं फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, रींगस तथा दांतारामगढ़ तालुकाओं एवं खण्डेला एवं धोद मुख्यालय पर कुल 16 बैंच गठित की गई है जो प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रकरणों की सुनवाई एवं राजीनामें की कार्यवाही करेगी।

# सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने सीएचसी इस्लामपुर का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने शुक्रवार दोपहर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस्लामपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर दोपहर दो बजे के आस-पास निरीक्षण करने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस्लामपुर पहुंचे।

उन्होंने अस्पताल लू ताप घात के मरीजों के लिए की गई व्यवस्थाओ का जायजा लिया। डॉ. गुर्जर ने सीएचसी पर भर्ती मरीजों से बात कर सेवाओं का फीडबैक लिया। डॉ. गुर्जर ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने मा योजना में ज्यादा से ज्यादा टीआईडी बुक कर आमजन को उपचार का लाभ प्रदान करने और संस्था के लिए राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान के सभी वार्डों का निरीक्षण किया। उपलब्ध दवाओं की स्थिति का जायजा लिया। सभी स्टाफ को अपने निर्धारित समय की सेवाएं देने के लिए पाबंद किया। इस अवसर पर डॉ. पारस, डॉ. कुलदीप सहित स्टाफ मौजूद रहे।



**सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस्लामपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।**

### भगवान नृसिंह का महाअभिषेक

**पाटन** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम हसामपुर में इन दिनों भगवान नृसिंह का पंच दिवसीय महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को भगवान नृसिंह के दोनों मंदिरों-बड़ा मंदिर और नये मंदिर में भव्य अभिषेक संपन्न हुआ।

बड़े मंदिर में पंडित अंबिकेश शर्मा के निर्देशन में भगवान नृसिंह का अभिषेक किया गया। पुजारी अरविंद स्वामी ने बताया कि अभिषेक में गंगा, यमुना, गोमती, भागीरथी, सरयू, नर्मदा, गोदावरी सहित नेपाल की नदियों के जल सहित कुल 21 पवित्र नदियों के जल का उपयोग किया गया। इसके अलावा बेल, गन्ना, आम, मोगरा और पुदीना जैसे फलों और पुष्पों के रस से भी अभिषेक हुआ। अभिषेक में चंपा, चमेली, गुलाब, केसर, चेरी, कदम्ब जैसे सुगंधित द्रव्यों का विशेष प्रयोग किया गया। अभिषेक के बाद भगवान को भक्ति भाव से ओतप्रोत बधाई गीत समर्पित किए गए।नए मंदिर में 11 पुजारियों द्वारा विधिवत अभिषेक किया गया। अभिषेक के उपरांत भगवान नृसिंह का चेहरा विराजित किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। वहीं बड़े मंदिर में 21 पुजारियों ने परंपरागत विधि से अभिषेक संपन्न कराया।

### हनुमान चालीसा का पाठ किया

**चूरू** (निसं)। पुरानी सड़क स्थित श्रीराम मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना की कुशलक्षेम व विजय होने के लिए सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ कर हनुमान जी महाराज से भारत की विजय के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओ ने तिरंगा झण्डा लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम् अखण्ड भारत राष्ट्र जैसे नारो से मंदिर प्रागण में जोरदार उद्धोष किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा पोषित किये हुऐ आंतकवाद से पुरी दुनीया में खुन खराबा हो रहा है। पहलगांव में हमारे देश के निर्दोष नागरिको को धर्म के आधार पर मौत के घाट उतार दिया गया जिसके विरूद्ध भारतीय सरकार ने हमारे सशस्त्र सेनाओं को आतकवाद के खिलाफ खुली छूट दी जिससे विश्व को आंतकवाद से मुक्त करवाया जा सके। परन्तु पाकिस्तान अपनी हरकतो से बाज नहीं आ रहा जिसके फलस्वरूप हमारी वीर सेना उसका मुहतोड जबाब दे रही है।

### शिविर में 205 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला निः I शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 205 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड आदि उपस्थित रहे।

### सी.ई.ओ. को ज्ञापन सौंपा

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पंचायत समिति के बीडीओ द्वारा ग्राम विकास अधिकारियों को फोन पर गाली गलौज करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। ग्राम विकास अधिकारियों ने जिला परिषद सीईओ को ज्ञापन देकर बीडीओ को सस्पेंड करने की मांग की है। ग्राम सेवक संघ के अध्यक्ष हरपाल सिंह के नेतृत्व में सीईओ रणजीत गोदारा को दिए ज्ञापन में बताया कि बीडीओ दारा सिंह द्वारा कर्मचारियों को अश्लील गालियां देकर प्रताड़ित किया जा रहा है। ऐसे माहौल में पंचायतों में लगे ग्राम विकास अधिकारी अपना काम भी नहीं कर पा रहे है। बीडीओ द्वारा रोजाना फोन पर धमकाया जाता है तथा दबाव बनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। इसके अलावा तय समय पर अपने कार्य करने के बावजूद भी चार्जशीट व नोटिस देकर ग्राम विकास अधिकारियों को परेशान किया जा रहा है। बीडीओ द्वारा बीलो के भुगतान को लेकर दबाव बनाया जाता है, जिससे ग्राम विकास अधिकारी मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर ट्रांसफर करवाने को मजबूर हो रहे है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** : एस.एण्ड.टी./बी.के.एन. ईटी 300R-2 **कार्य का नाम व स्थान** : बीकानेर मंडल के सूरतगढ़, सादुलपुर, हांसी तथा अनुपखंड स्टेशनों के इंटरचेंज पॉइंट पर COA से डाटालोगर connectivity का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू. 2875832.35 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रू.में)** : 57500.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : 30.05.2025 को 15.00 बजे तक **वेब साइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है** : www.ireps.gov.in 525-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को ( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

**मुकदमा नम्बर 13/2025**

चूंकि श्री शशिकांत मोदी पुत्र श्री सत्यनारायण मोदी निवासी 201 अमृत निवास, सरोजनी रोड, नियर आईडीबीआई बैंक, शान्ता क्रुज वेस्ट, मुंबई-400054 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23के अन्तर्गत सत्यनारायण सागर मल मोदी एज्यूकेश ट्रस्ट, रोड नम्बर 02, मोदी रोड, खेतान हॉस्पिटल के पीछे, झुंझुनूं के न्यासियों में हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइन्दा तारीख पेशी 16.06.2025

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को ( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

**मुकदमा नम्बर 52/2025**

चूंकि श्री अमर चन्द गढ़वाल पुत्र श्री पीथा राम, उम्र 66 वर्ष निवासी सम्बल शिक्षण संस्थान के पास नवलगढ़ रोड़ शिवसिंहपुरा, जिला सीकर, राजस्थान-332001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत सम्बल शिक्षण संस्थान, शिवसिंहपुरा, नवलगढ़ रोड़, सीकर राजस्थान-332001 के संबंध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 14.07.2025

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग जयपुर

**प्रपत्र संख्या 7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को ( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

**मुकदमा नम्बर 48/2025**

चूंकि श्री रोहित कुमार पुत्र श्री राधे श्याम निवासी प्लॉट नम्बर 404, टॉवर ए रामेश्वरम् पैराडाइस, फ्लोर नम्बर 4, सीकर-332001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत एमआर मेमोरियल ट्रस्ट, प्लॉट नम्बर 404, टॉवर ए रामेश्वरम् पैराडाइस, फ्लोर नम्बर 4, सीकर के संबंध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 08.07.2025

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री महबूब खां पुत्र श्री यासीन खां जाति मूसलमान निवासी वार्ड नं. 5 रावतसर ने आवेदन कर अपने व्यवसायिक भूखंड सेक्टर जनरल मार्किट भू. सं. 174 का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा श्री इकबाल सिंह पुत्र श्री बख्शी सिंह के नाम से साईज 15 गुणा 30 फुट का जारीशुदा है। उक्त भूखंड का नामांतरण पालिका आदेश क्रमांक 105918 दिनांक 28.11.2024 द्वारा श्री हरीश कुमार पुत्र श्री किशनलाल, श्री कृष्ण पारीक पुत्र श्री रामप्रसाद, श्रीमती सोनिका पत्नी श्री सत्यनारायण निवासी रावतसर के नाम से जारीशुदा है। श्री हरीश कुमार, श्री कृष्ण पारीक, श्रीमती सोनिका ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 04.04.2025 को उक्त भूखंड श्री महबूब खां पुत्र श्री यासीन खां जाति मूसलमान निवासी वार्ड नं. 5 रावतसर को बेचान कर दिया। जिसका नामांतरण प्रार्थी नगरपालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। अतः अपने व्यवसायिक भूखंड का नामांतरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति एवं ऐतराज हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर**

**आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड**
आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम परमाणु ऊर्जा विभाग)
मनावलकुरिची तमिलनाडु इमेल-purchase-mk@irel.co.in
An ISO 9001 , 14001 & 45001 इकाई, फोनः 04651-200402
CIN : U15100MH1950GOI008187

संदर्भः एमके/पी. विज्ञापन/2025-26/01

**निविदा सूचना / टेंडर नोटिस**

आईआरईएल मनवालाकुरिची यूनिट निम्नलिखित के लिए निविदा आमंत्रित करती हैः

| टेंडर नं. | विवरण |
|---|---|
| जीईएम/2025/बी/6186960 | 400-450 किलोग्राम क्षमता वाले सिलेंडरों में भरे तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति |
| आईआरईएल/एमके/ईटी/01/2526 | एमके प्लांट में विभिन्न गोदाम और स्टोर यार्ड का पुनर्निर्माण |

बोलीदाता https://gem.gov.in, https://www.irel.co.in और CPP पोर्टल से निविदा दस्तावेज डाउनलोड कर सकते है। उपरोक्त निविदा में कोई भी सुधार / विस्तार केवल उपरोक्त वेवसाइटों पर ही होस्ट किया जाएगा।

CBC 48147/12/0002/2526 CGM & Head, Mk/मुख्य महा प्रबंधक एवं प्रधान, एमके

# ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे का नाम होगा संत दुर्बलनाथ महाराज चौराहा

## हेरिटेज निगम में महापौर कुसुम यादव की अध्यक्षता में कार्य समिति की बैठक संपन्न

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज जयपुर मुख्यालय में शुक्रवार को निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। हेरिटेज महापौर कुसुम यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आयुक्त अरुण हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव सहित नगर निगम के नव नियुक्त चेयरमैन और निगम अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी निगम चेयरमैन को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत चेयरमैन के दायित्व और कार्य प्रभार की जानकारी दी गई।

इसके अलावा बैठक में महापौर कुसुम यादव ने सभी चेयरमैन के साथ एजेंडों पर चर्चा की और सर्व सम्मति से उन्हें पास किया। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि हेरिटेज निगम की बोर्ड मीटिंग में कई प्रस्ताव लिए गए थे। शुक्रवार को कार्य समिति की बैठक में उन प्रस्ताव के क्रियान्वय पर चर्चा की गई और समिति के चेयरमैन की सहमति से पास भी किया गया। जिसमें हेरिटेज निगम के सामुदायिक केंद्रों में



नगर निगम हेरिटेज जयपुर मुख्यालय में शुक्रवार को निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

शहरवासियों को रियायत दर पर आयोजन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं समिति के सदस्यों और चेयरमैन की ओर से आए हुए प्रस्तावों पर चर्चा कर कुछ स्थानों के नामकरण का प्रस्ताव किया गया। जिसे आगामी बोर्ड मीटिंग में पारित कर आगे की कार्यवाही के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा। महापौर ने बताया कि हेरिटेज निगम में राज्य सरकार के समितियों का निर्माण किया है। इससे अब शहर के विकास में तेजी आएगी। सभी चेयरमैन शहर को साफ सुथरा रखने और विकास करने में अपना योगदान देंगे। निगम की प्रशासकीय टीम और निगम चेयरमैन मिलकर शहर को स्वच्छता और अन्य जनहित के कार्यों में अव्वल बनाएंगे। इस दौरान कुछ चेयरमैन ने शहर के विकास के लिए अपने सुझाव भी बैठक में रखे। जिसे महापौर कुसुम यादव ने आगामी बोर्ड बैठक में चर्चा के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

पास होने वाले प्रस्तावों में मृतक आश्रित अनुकंपा नियुक्ति के कुल 21 मामले थे, जिनमें 20 प्रस्ताव पर चर्चा के बाद पारित किए गए। हेरिटेज निगम के ए श्रेणी के सामुदायिक केंद्र में विवाह आयोजन के एक दिन के लिए 10 हजार रुपए, सफाई शुल्क 2500 रुपए, जन्म दिवस और भजन कीर्तन के 3100 रुपए, तीये की बैठक के 1100 रुपए और ध्यान या योगाभ्यास के 500 रुपए प्रति घंटा लिए जाएंगे।

बी श्रेणी के सामुदायिक केंद्रों पर विवाह के आयोजन के एक दिन के सात हजार रुपए, जन्म दिवस के 2100 रुपए, तीये की बैठक के 500 रुपए और ध्यान और योग शिविर के 350 रुपए लिए जाएंगे। वहीं, सी श्रेणी के सामुदायिक केंद्रों पर शहरवासी विवाह आयोजन के लिए पांच हजार रुपए, जन्म दिवस आयोजन के लिए 1100 रुपए और तीये की बैठक के 500 रुपए दर पर आयोजन कर सकेंगे। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे का प्रस्तावित नाम संत श्री दुर्बल नाथ महाराज चौराहा होगा, सामुदायिक केंद्र, मंडी खटीकन का प्रस्तावित नाम संत श्री दुर्बल नाथ महाराज

- बैठक में आए प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सभी निगम चेयरमैन ने सर्व सम्मति से मेज थप थपा पर किए पास
- हेरिटेज निगम- सामुदायिक केंद्रों पर शहरवासी रियायती दर पर कर सकेंगे आयोजन

सामुदायिक केंद्र, केशव विद्यापीठ चौराहा, जामडोली का प्रस्तावित नाम केशव विद्यापीठ सर्किल, गोल चक्कर का प्रस्तावित नाम संत तेउराम सर्किल, वानिकी पथ का नाम विधिक सेवा पथ होगा। लालसांड जी के रास्ते का नाम जयकारा मार्केट नामकरण पर सभी सदस्यों ने आपत्ति जताई, जिसे हटा दिया गया।

# निर्धारित मानदंडों की पालना सुनिश्चित करें कोचिंग संस्थान : जितेन्द्र कुमार सोनी

## कोचिंग संस्थानों के पदाधिकारियों को जिला कलेक्टर ने दिये निर्देश

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में तनाव कम करने एवं उनका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने के लिए निर्धारित मानदंडों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को कोचिंग संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

- आपदा प्रबंधन के दौरान सामुदायिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए भी किया प्रेरित
- कलक्टर की अपील पर बैठक में ही कोचिंग संस्थानों ने की 7 सायरन लगवाने की घोषणा

एवं नागरिक सुरक्षा की बुनियादी जानकारी मुहैया करवाने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को कोचिंग संचालकों के साथ समन्वय



जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी ने कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को कोचिंग संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक ली।

स्थापित करते हुए प्रत्येक कोचिंग संस्थान में जयपुर सक्षम अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कोचिंग संचालकों एवं प्रतिनिधियों को आपदा प्रबंधन के दौरान सामुदायिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला कलक्टर की अपील पर बैठक में ही कोचिंग संचालकों ने 7 सायरन लगवाने की घोषणा भी कर दी। जिला कलक्टर ने कोचिंग संचालकों को निर्देश दिये कि अंकों का भार मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट का कारण ना बने इसके लिए निर्धारित मानदंडों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। जिला कलक्टर ने पदाधिकारियों को कोचिंग में फन डे गतिविधियों के साथ-साथ गेटकीपर ऑनलाइन ट्रेनिंग भी करवाने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने विद्यार्थियों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए निगरानी तंत्र को प्रभावी बनाने, मनोसलाहकारों एवं काउंसलर्स की नियुक्ति करने, समय-समय पर सह-शैक्षिणक गतिविधियों का आयोजन करने, ईजी एग्जिट ऑप्शन एवं फीस रिफंड पॉलिसी, टेली-मानस एवं अन्य टोल फ्री हेल्पलाइन का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संस्थानों प्रबंधकों, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को निर्धारित मानदंडों के अनुसार व्यवहार करने विद्यार्थियों का मनोबल बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा सहित नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएनजी स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश

**जयपुर।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने राजस्थान स्टेट गैस के कोटा, नीमराणा और कूकस में संचालित सीएनजी स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए है। उन्होंने कार्मिकों को सख्ती से हिदायत दी है कि सोशियल मीडिया पर किसी भी तरह की अनावश्यक प्रतिक्रिया भी ना करें।

एमडी रणवीर सिंह शुक्रवार को राजस्थान स्टेट गैस के अधिकारियों व कार्मिकों से वर्चुअली संवाद कायम कर

- सोशियल मीडिया पर अनावश्यक प्रतिक्रिया ना करें : रणवीर सिंह

रहे थे। उन्होंने कहा कि तनावपूर्ण हालात को देखते हुए हमें सतर्क व सजग रहना होगा। मॉक ड्रील सहित आवश्यक सभी सुरक्षा मानकों की पालना के साथ ही ब्लेक आउट की स्थिति में सरकार द्वारा जारी



एमडी रणवीर सिंह शुक्रवार को राजस्थान स्टेट गैस के अधिकारियों व कार्मिकों से वर्चुअली संवाद किया।

आवश्यक दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना की जाए। उन्होंने सीएनजी स्टेशन पर आने वाले उपभोक्ताओं को भी सुरक्षा मानकों के प्रति सचेत करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

रणवीर सिंह ने सीएनजी स्टेशनों आदि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने और स्टेशनों पर कंप्रेसर जैसे क्षेत्रों में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने को कहा। डीजीएम सीएनपी विवेक श्रीवास्तव व डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन ने डीपीएनजी व सीएनजी एरिया में लिक डिटेक्शन टेस्ट कराने की आवश्यकता प्रतिपादित की। वर्चुअल बैठक में कोटा डीजीएम ओएण्डएम सीपी चौधरी और डीजीएम प्रोजेक्ट आनन्द आर्य ने विस्तार से आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी। नीमराणा मैनेजर अतुल शुक्ला ने भी उठाये गये कदमों की जानकारी दी। सीएफओ दीप्तांशु पारीक और डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया ने सरकार के दिशा-निर्देशों की जानकारी के साथ ही उनकी पालना सुनिश्चित करने को कहा।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जयपुर।** सेज थाना इलाके में शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। पुलिस के अनुसार हादसा शाम करीब साढ़े सात बजे हुआ। कलवाडा में अजयराजपुरा रोड के मुख्य बाजार में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक बाइक सवार को कुचलता हुआ आगे निकल गया। इससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया। पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है।

# नकबजनी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले गिरोह का खुलासा कर तीन शातिर नकबजनों को गांधी नगर गुजरात से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकबजनी के दौरान चुराई गई नकदी और सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित गुजरात और मध्यप्रदेश से राजस्थान में आते है और फिर सूने मकान और फ्लैट की रैकी कर नकबजनी की वारदात कर वापस लौट जाते है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले गिरोह के शातिर नकबजन 24 वर्षीय राजवीर सिंह,25 वर्षीय तेजपाल सिंह और 27 वर्षीय अजय सिंह को



जवाहर नगर थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाले तीन शातिर नकबजनों को गांधी नगर गुजरात से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किया है। जो गुजरात और मध्य प्रदेश के रहने वाले है। जिनके खिलाफ गुजरात सहित जयपुर के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित चोरी की बाइक से रेकी करते है और फिर वारदात को अंजाम देते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा 17 मई को

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जनसंपर्क अधिकारी (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) परीक्षा-2024 का आयोजन 17 मई को प्रातः 11 से दोपहर 1.30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 10 मई से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 14 मई को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड किए जा सकेंगे।

# नागरिक सुरक्षा एवं आपदा राहत नियंत्रण कक्ष के बेहतर संचालन के लिए तीन टीमों का गठन

**जयपुर।** वर्तमान परिप्रेक्ष्य के मध्यनजर जिला मुख्यालय पर नागरिक सुरक्षा एवं आपदा राहत नियंत्रण कक्ष के बेहतर संचालन के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने तीन पारियों में नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए आदेश जारी किये हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा ने बताया कि तीनों पारियों के लिए गठित टीमों का प्रभारी अधिकारी के रूप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। प्रथम पारी (प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक) का प्रभारी अधिकारी उपखंड अधिकारी जयपुर दक्षिण अरुण शर्मा (मोबाइल नंबर- 9928848960), द्वितीय पारी (दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक) का प्रभारी अधिकारी उपखंड अधिकारी जयपुर उत्तर दीपक खटाना (मोबाइल नंबर-9882255365), तृतीय पारी (रात 8 बजे तक से प्रातः 6 बजे तक) का प्रभारी अधिकारी सहायक कलक्टर, आमेर लक्ष्मीनारायण बुनकर (मोबाइल नंबर-8302775785 83027757855)को नियुक्त किया गया है।

# स्कूल वैन से नौ वर्षीय बच्ची का अपहरण

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने नौ वर्षीय एक बच्ची का अपहरण करने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि बदमाशों ने स्कूल वैन के आगे अपनी कार लगाकर रोका और चालक का गला दबाकर पकड़ लिया। इसके बाद वेन में सवार बालिका को बदमाश अपहरण कर ले गए। स्कूल वैन चालक ने अपहरण का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि पत्रकार कॉलोनी मुहाना निवासी मुकेश कुमार (28) ने मामला दर्ज करवाया कि वह

- एसआई वन्दना का कहना है कि मामला अपहरण का नहीं है। बच्ची के पिता ही उसको लेकर गए हैं। पिछले साल भर से पति-पत्नी में तलाक का केस चल रहा था। तलाक होने के बाद बच्ची की कस्टडी के लिए चैलेंज कर रखा है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है

एक प्राइवेट स्कूल में वैन चलाता है। वैन से बच्चों को स्कूल व घर छोड़ने का काम करता है। 8 मई को रोज की तरह सुबह 6:50 बजे मुहाना इलाके में पत्रकार कॉलोनी में चौथी कक्षा में पढ़ने वाली नौ वर्षीय बच्ची को लेने उसके घर गया था। स्कूल वैन में बैठे 8-9 बच्चों के साथ उसकी मां ने भी बच्ची को बैठा दिया। बच्ची के घर से कुछ दूरी पर सोसाइटी से बाहर निकलते ही स्कूल वैन के आगे हुंडई वेन्यू कार आकर रुकी। कार से 3-4 लोग उतरकर तेजी से वैन की तरफ आए। एक ने उसका गला दबाकर वैन की चाबी निकाल ली। दूसरे ने उसके हाथ पकड़ लिए। वैन का गेट खोलकर उसमें बैठी बच्ची को जबरन उठा लिया। बच्ची रोते हुए बोल रही थी कि मुझे आपके साथ नहीं जाना है। बच्ची का अपहरण कर ले जाते समय कार सवार वैन की चाबी फेंक कर वहां से फरार हो गए। बच्ची की मां को अपहरण की बताकर तुरंत थाने में शिकायत दी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसआई वन्दना का कहना है कि मामला अपहरण का नहीं है। बच्ची के पिता ही उसको लेकर गए हैं। पिछले साल भर से पति-पत्नी में तलाक का केस चल रहा था। तलाक होने के बाद बच्ची की कस्टडी के लिए चैलेंज कर रखा है।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना एवं उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को जयपुर के योजना भवन में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सक्षम जयपुर अभियान के तहत आयोजित इस विशेष कार्यशाला में नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुदेशक असरार अहमद ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आपातकाल के दौरान अपनी सुरक्षा एवं बचाव के तौर तरीकों से रूबरू करवाया। इस दौरान योजना भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन बचाव, हवाई हमलों से बचाव के तरीकों के साथ-साथ ब्लैक आउट से संबंधित दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई।

वहीं, राज्य आपदा प्रतिसाद बल के अधीक्षक राजेन्द्र, अतिरिक्त अधीक्षक चित्रगुप्त के मौजूदगी में आपातकालीन बचाव पद्धतियों, प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर के बारे में जागरुक किया गया साथ ही बहुमंजिला इमारतों में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने का प्रदर्शन भी किया।

# सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों में 336 सीनियर रेजिडेंट लगाए

## चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों में आपदा प्रबंधन की तैयारियां सुदृढ़ की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के बाद चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सीमावर्ती क्षेत्रों सहित अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं को और सुदृढ़ किया गया है। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने विभागीय बैठकें लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद सीमावर्ती जिलों के चिकित्सा संस्थानों के लिए व्यापक आपदा प्रबंधन कार्य योजना लागू की गई है। इसके तहत आवश्यकतानुसार वरिष्ठ रेजिडेंट्स की तैनाती, उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता, दवा आपूर्ति सहित अन्य व्यवस्थाओं को पुख्ता किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने बताया कि जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ के सीमावर्ती अस्पतालों में 336वरिष्ठ रेजिडेंट्स (एसआर) की तैनाती के आदेश जारी किए गए हैं। संबंधित मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ तैनाती मैट्रिक्स को



चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने विभागीय बैठकें लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

साझा किया गया है, जिसमें उन्हें प्रशासनिक नियंत्रण केंद्रों के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए गए हैं। तैनाती के दौरान संकाय और एसआर को उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है। लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था कॉलेज प्रशासन द्वारा की जाएगी।

सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात चिकित्सा कर्मचारियों के लिए छात्रावास के कमरे और भोजन सुविधा की व्यवस्था की गई है तथा आवश्यकता पड़ने पर कमरों को साझा करने की अनुमति दी गई है। कॉलेज मेस के संचालन के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं,ताकि उनमें स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो। चिकित्सा शिक्षा सचिव ने बताया कि तात्कालिक जरूरतों के लिए आपातकालीन धनराशि उपलब्ध है। नोडल अधिकारी को दैनिक अनुपालना स्थिति की रिपोर्ट दी जाएगी।

सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों में आईसीयू सहित अन्य स्थानों पर उपकरणों की उपलब्धता व क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा संस्थानों में उपकरण स्टॉक रजिस्टर सत्यापित किए जाने और स्पेयर पार्ट्स,उपभोग्य सामग्रियां,आपातकालीन ऑक्सीजन और वेंटिलेटर का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की समुचित उपलब्धता रखने जाने को भी कहा गया है। तैयारियों की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाएगी और इसकी रिपोर्ट मुख्यालय पर भेजी जाएगी।

आपदा प्रबंधन की दृष्टि से चिकित्सा कार्मिकों के अवकाश निरस्त किए गए हैं। संवेदनशील जिलों (जैसलमेर,बीकानेर,बाड़मेर,गंगानगर और फलौदी) में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। किसी भी परिस्थिति में कोई अपवाद नहीं होगा और चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उपस्थिति और ड्यूटी स्थिति की दैनिक रिपोर्टिंग के लिए प्रारूप साझा किया गया है।

# 'आमजन में आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण के हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित'

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शुक्रवार को नागरिक सुरक्षा विभाग के चीफ वार्डन, डिप्टी चीफ वार्डन, डिविजनल वार्डन, डिप्टी डिवीजनल वार्डन की बैठक ली। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को वर्तमान हालातों के मद्देनजर आमजन में जागरुकता एवं आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण के हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने नागरिक सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों को सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों, संघ-संगठन के मुख्यालयों सहित अन्य स्थानों पर नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आपातकाल के समय आपदा प्रबंधन एवं बचाव की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम चलाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्र के भामाशाहों को प्रेरित कर जन सहयोग से अधिक से अधिक संख्या में सायरन स्थापित करने की भी अपील की।जिला कलक्टर ने पदाधिकारियों को अपने डिवीजन में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को क्षेत्र के अस्पतालों, ब्लड बैंकों, रक्तदाताओं, सुरक्षित स्थानों सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की सूची बनाने एवं उनकी उपलब्धता बनाने रखने के निर्देश दिये।

# काले धन को व्हाइट मनी में बदलने का झांसा देकर व्यापारी से लूटे 60 लाख

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना इलाके में काले धन को व्हाइट मनी में बदलने का झांसा देकर कार सवार 4 बदमाश एक व्यापारी से 60 लाख रुपए लूट कर ले गए। घटना के बाद पुलिस ने जयपुर में ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई। लेकिन फिलहाल बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया है। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार विकास नगर निवासी चंद्र शेखर काबरा कारोबारी है। चंद्रशेखर को तिलक, अजयदान चारण, अंकित और उनके एक साथी ने काले घन को व्हाइट मनी में बदलने का झांसा दिया। इस पर व्यापारी ने चारों को अपने फ्लैट पर बुला लिया। व्यापारी चार बैग में 80 लाख रुपए भरकर टेबल पर रख दिए। व्यापारी ने आरोपियों से आरटीटीएस करने को कहा। इस पर आरोपियों ने व्यापारी और उसके भतीजे को बातों में उलझा लिया। बातें करने के दौरान आरोपियों ने चाचा-भतीजे को बंदूक दिखाई और तीन बैग लेकर वहां से नीचे आए। बदमाश इसके बाद यूपी नम्बरों की कार में सवार होकर भाग निकले। इस पर पीड़ित ने घटना की जानकारी

- पीड़ित के फ्लैट में किराए से रह चुके आरोपी

पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने शहर में कार के नंबरों के आधार पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल पाया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पीडिता चंद्र शेखर काबरा और उसका भतीजे का विकास नगर स्थित कृष्णा रेजीडेंसी में फ्लैट में रहते है। दोनों ऊपर-नीचे की मंजिल में रहते है। आरोपी तिलक, अजय दान चारण, अंकित और उनका साथी पीडित के फ्लैट पर पूर्व में किराए से रह चुके है। इसी वजह से व्यापारी उनको जानता था और विश्वास भी करता था। इसी वजह से व्यापारी उनके झांसे में आ गया। आरोपियों ने व्यापारी को उनके काले धन को सफेद करने का झांसा दिया। इस वजह से व्यापारी ने अपने पास जमा सारे धन को चार बैग में भर लिया और आरोपियों को आरटीजीएस करने के लिए कहा। लेकिन आरोपियों ने व्यापारी और उसके भतीजे को पिस्टल दिखाई और वहां से रुपए लेकर भाग निकले।

बातचीत के दौरान बदमाशों ने पिस्टल निकाल ली और व्यापारी पर तान दी। इससे व्यापारी और उसका भतीजा डर गया। पकड़े जाने के डर से बदमाश रुपयों से भरे तीन बैग ले गए, लेकिन चौथा बैग ले जाना भूल गए। इस कारण बैग में रखी 20 लाख रुपए की राशि लूटने से बच गई। आरोपी यूपी नम्बर की कार लेकर व्यापारी के फ्लैट पर पहुंचे थे। एएसआई झाबर मल ने बताया कि घटना दोपहर दो बजे की है। आरोपियों और व्यापारी के बीच पहले से बातचीत चल रही थी और आरोपी व्यापारी के परिचित भी है। व्यापारी को आरोपियों ने ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में बदलने का झांसा दिया था। विश्वास में आकर व्यापारी से सारी जमा पूंजी इकट्ठा कर ली जो कि करीब 80 लाख रुपए थी। इन पैसों को चार बैगों में भर लिया था। व्यापारी ने सारे रुपए बदमाशों के सामने टेबल पर रखे दिए थे। व्यापारी ने रुपए देने से पहले आरोपियों को आरटीजीएस करने को कहा तो बदमाशों ने बंदूक निकाल कर व्यापारी और उसके भतीजे पर तान दी। इसके बाद बदमाश रुपयों से भरे तीन बैग ले गए। चौथा बैग बदमाशों से छूट गया। चौथे बैग में 20 लाख रुपए रखे थे।

# जंगल में बकरियां चराने गये दो बच्चों की नदी में डूबने से दर्दनाक मौत

## मौके पर बकरियां चराने के लिए कुछ और बच्चे गए थे, जिनके शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के बाकरा गांव में जंगल में बकरियां चराने के लिए गए दो बच्चों की नदी में डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर बकरियां चराने के लिए कुछ और बच्चे गए थे, जिनके शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर शक्करगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों मृतक बालकों के शवों को नदी के पानी से बाहर निकलवाया।

■ ग्रामीणों की सूचना पर शक्करगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकलवाया





भीलवाड़ा जिले के शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के बाकरा गांव में दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई।

शक्करगढ़ थाना अधिकारी हेमराज मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के बाकरा गांव में बकरियां चराने के लिए जंगल में गये दो बालकों की नदी में डूबने से मौत हो गई, जिसमें सीयाराम (9) पिता भंवरलाल भील व गंगाराम (8) पिता भैरू मीणा की नदी के पानी में डूबने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दोनों बालकों के शवों को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में किया और पोस्टमार्टम के लिये दोनों शवों को लेकर जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। मृतक बालकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने मामला दर्ज का जांच शुरू की है।

# बाड़मेर में लगातार ब्लैक आउट, रातभर वाहनों पर रोक

## डिफेंस एरिया के पांच किलोमीटर दायरे में नो एंट्री की

**बाड़मेर,** (कासं)। भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सीमावर्ती बाड़मेर जिले में सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन द्वारा लगातार हर संभव एतिहाती कदम उठाये जा रहे है। वहीं जिला कलेक्टर टीना डाबी ने आमजन से किसी भी प्रकार का पैनिक न करने की अपील की है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सतर्कता के साथ शांति और सहयोग बनाए रखें। आमजन द्वारा भी प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गत रात्रि बाड़मेर जिले में पाक की और से संभावित एयर स्ट्राइक के मद्देनजर रेड अलर्ट घोषित किया गया था और ब्लैक आउट कर दिया था। रातभर सायरन की आवाज के बीच लोग जगे रहे। प्रशासन सड़कों पर मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे।

वहीं दूसरे दिन शाम को प्रशासन ने शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैक आउट कर दिया। शाम 5 बजे के बाद जिले के सभी बाजार पूरी तरह बंद करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान किसी भी वाहन का चलना पूरी तरह प्रतिबंधित रहा। दुपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों पर रातभर रोक रही। डिफेंस एरिया के 5 किलोमीटर के दायरे में पूरी तरह नो एंट्री की गई। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति इस इलाके में नजर आया तो कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने आदेश जारी कर जिले में ड्रोन का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया और संबंधित थाने में ड्रोन जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सम्पूर्ण जिले में आतिशबाजी/पटाखों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। एतिहाती सुरक्षा उपायों के संबंध में जिले के समस्त राजकीय और गैर राजकीय महाविद्यालय, सभी प्रकार के कोचिंग सेंटर्स और लाइब्रेरी में आगामी आदेश तक अवकाश घोषित किया है।

जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जब भी ब्लैक आउट की सूचना दी जाती है या पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद की जाती है, उस दौरान इनवर्टर व जनरेटर द्वारा संचालित लाइटों को बंद करना है।

# झुंझुनूं में डंपर यूनियन का बड़ा फैसला, आंदोलन को सांकेतिक किया

## 'देश में बन रहे हालातों को देखते हुए यूनियन की बैठक में निर्णय लिया गया'

**झुंझुनूं,** (निसं)। अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर पिछले 11 दिन से डीटीओ कार्यालय के सामने धरने पर बैठे डंपर यूनियन ने शुक्रवार को धरने के 12वें दिन बड़ा फैसला लेते हुए अपने आंदोलन को सांकेतिक रूप से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

डंपर यूनियन के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश व प्रवक्ता विकास पायल ने बताया कि देश में बन रहे हालातों को देखते हुए यूनियन की बैठक धरना स्थल पर हुई, जिसमें निर्णय लिया गया है कि आज देश के हालातों को देखते हुए उन्हें भी देश के अंदर शांति बनाए रखने के लिए और देश के लिए अपनी सेवाएं देनी चाहिए। इसलिए निर्णय लिया गया है कि अब से डीटीओ कार्यालय के सामने सांकेतिक धरना जारी रहेगा। वहीं तीन में से एक मांग पूरी करने पर सरकार का आभार जताया गया।



तीन सूत्री मांगों को लेकर डंपर यूनियन का डीटीओ कार्यालय के सामने धरना दिया।

डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि जयपुर में गुरूवार को हुई वार्ता में कोई नतीजा नहीं आया, लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया है कि एक-दो दिन में यूनियन की वार्ता मुख्यमंत्री से करवाई जाएगी, जिसमें कोई समाधान निकलने की उम्मीद है। डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि जब तक उनके वाहनों की आरसी को बहाल और ई-रवन्ना के आधार पर काटे गए चालानों की राशि को पूर्णतया माफ नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा, लेकिन यदि देश को डंपर मालिकों, कर्मचारियों या फिर डंपरों की आवश्यकता होगी, तो हम सब बॉर्डर पर हर लड़ाई में साथ जाने को तैयार है।

डंपर यूनियन अपनी निलंबित आरसी को बहाल करने, चालानों को माफ करने तथा झुंझुनूं डीटीओ को निलंबित करने की तीन सूत्री मांगों को लेकर 12 दिनों से धरना पर बैठे थे। इनमें से डीटीओ को गुरूवार शाम को निलंबित किया जा चुका है। अभी शेष दो मांगों को लेकर सांकेतिक धरना डीटीओ कार्यालय के सामने जारी रहेगा। इस मौके पर रोहिताश्व बांगड़वा, महेंद्र धायल, चीकू चिड़ावा, आशु चौधरी, विकास सोटवारा, मुकेश कालेर, विकास धायल, मनीष बांगड़वा, करतार काका, प्रवीण मेचू, राजेश सीथल, रजनीश पीथूसर, कपिल बड़वासी, अमित खरबास, संजय बुगाला, राजेश भाटीवाड़, रामू कालेर, सतपाल महला, सुमेर धायल, विजेंद्र ओला बड़ की ढाणी, पंकज कुमावत आदि मौजूद रहे।

# महिला योगा ट्रेनर से छेड़छाड़

**अजमेर,** (कासं)। हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र में संचालित योगा ट्रेनिंग सेंटर पर काम करने वाली महिला योगा ट्रेनर से अश्लील हरकत और चोरी छुपे डांस के वीडियो बनाने और एडिट कर बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने योगा केंद्र में आने वाले एक युवक सहित मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में योगा ट्रेनर ने पुलिस को बताया कि जनवरी 2024 में योगा सेंटर में ट्रेनर के तौर पर काम कर रही है, सेंटर की महिला मालिक का बेटा शतरंज की क्लास के लिए एक युवक को वहां बुलाता था। आरोपी युवक दिसंबर 2024 में लगातार 15 दिन सेंटर पर रुका। पीड़िता ने आरोप लगाया कि युवक ने उसकी अनुमति के बिना उसके डांस और दिनचर्या के वीडियो बनाए और फिर फिजिकल रिलेशन बनाने का प्रयास किया। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया और महिला ऑनर को शिकायत की, तो उसे ही चुप कराने की कोशिश की गई। बाद में युवक ने जबरन छेड़छाड़ की कोशिश की और पीड़िता के चिल्लाने पर मालिक भी मौके पर पहुंची, लेकिन कार्रवाई करने की बजाय उसे समझाने लगी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने खुद को पुलिस अधिकारी का बेटा बताकर धमकी दी कि वह एआई तकनीक से फर्जी वीडियो बनाकर उसे बदनाम कर देगा। वह मानसिक दबाव में आकर नौकरी छोड़ चुकी है।

# दो वाहनों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन गंभीर घायल

**अजमेर,** (कासं)। नसीराबाद घाटी के पास शुक्रवार सुबह दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए, एक के मामूली चोट आई है। हादसे में घायलों को पहले नसीराबाद के राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए घायलों को अजमेर के जेएल एन अस्पताल रैफर कर दिया, जहां रास्ते में एक गंभीर घायल युवक की रास्ते में मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का अस्पताल उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली।

■ नीचम (मध्य प्रदेश) में भजन संध्या के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कार से जा रहे थे



घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया।

जयपुर निवासी राजा नायक ने बताया कि कार में सवार पांचों युवक सभी गायक व मंडली कलाकार थे। शनिवार को नीचम (मध्य प्रदेश) में भजन संध्या के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शुक्रवार सुबह कार से जा रहे थे तभी नसीराबाद रोड हटूंडी के निकट सामने से आ रही कार ने उनकी कार टक्कर मार दी। दोनों वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण वाहन के परखच्चे उड़ गए और कार में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राजा ने बताया कि वह पिछली सीट पर बैठा हुआ था, जिसके कारण उसके मामूली चोट आई है।

राजा नायक ने बताया कि सभी लोग धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां देते हैं। खाटूश्याम के भजनों की प्रस्तुति के लिए ही रानी सती मंदिर नीमच जा रहे थे, जहां उनके सामान से भरी गाड़ी पहले पहुंच गई थी और वे लोग कार में सवार होकर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही नसीराबाद सदर थाना पुलिस घटना मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को रोड से हटाकर बाधित मार्ग खुलवाया और घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए नसीराबाद के राजकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अजमेर जेएलएन अस्पताल भेज दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंभीर घायलों को एंबुलैंस से जेएलएन ले जा रहा थी, तभी रास्ते में जयपुर निवासी राहुल शर्मा की मौत हो गई। जबकि घायल व्यक्तियों में जयपुर निवासी श्याम नायक पुत्र महेश नायक, जयपुर के झोटवाड़ा निवासी राजेश नायक तथा नयाबास शाहपुरा जयपुर निवासी सत्यपाल पुत्र कालूराम शामिल है, जबकि राजा नायक के मामूली चोट आई है। नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और मृतक राहुल के परिजन को सूचित कर दिया है जिनके आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# बाल सम्प्रेषण गृह से भागे दो बाल अपचारी दस्तयाब

## दोनों बाल अपचारी मर्डर करने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने दोनों को समय रहते दस्तयाब किया

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बाल सम्प्रेषण गृह से भागे दो शातिर बाल अपचारियों को दस्तयाब किया है। ये दोनों बाल अपचारी गढ़ी बाजना के पहाड़ी इलाके में महिला का वेश बनाकर रह रहे थे। दस्तयाब किए गए एक बाल अपचारी पर ट्रिपल मर्डर का मामला दर्ज है तो दूसरे बाल अपचारी पर 11 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तीन सिक्योरिटी गार्डों को भी गिरफ्तार किया है, जो सम्प्रेषण गृह से बाल अपचारियों को भगाने में शामिल थे। दोनों बाल अपचारी मर्डर करने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने दोनों को समय रहते दस्तयाब कर बड़ी घटना होने से बचाया। यहां से फरार होने के बाद एक आरोपी ने मध्यप्रदेश में एक बदमाश के साथ मिलकर लूट की घटना को भी अंजाम दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि गत 3 अप्रैल को बाल संप्रेषण सुधार गृह से दो बाल अपचारी रोशनदान तोड़कर फरार हो गए थे। मुख्य बाल अपचारी भरतपुर के पथेना निवासी जीतेंद्र उर्फ छोटू जो ट्रिपल मर्डर का आरोपी है और दूसरा बाल अपचारी धौलपुर निवासी अजीत उर्फ बनिया के खिलाफ संगीन धाराओं के 11 मामले दर्ज थे। दोनों को अपने अपराधों की गंभीरता और न्यायालय द्वारा संभावित फैसले का अंदाजा था। इस कारण इन दोनों ने यह षड्यंत्र रचा इसी के कारण यह बाल संप्रेषण सुधार गृह से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक जीतेंद्र उर्फ छोटू की उम्र 20 साल और अजीत उर्फ बनिया की उम्र 21 साल है। दोनों के द्वारा स्थानीय सुरक्षा गार्डों के साथ साजिश रचते हुए फरार हुए। दोनों बाल अपचारियों के फरार होने का मामला सेवर पुलिस थाने में दर्ज हुआ। पुलिस ने दोनों के दस्तयाब के लिए उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा राजस्थान विभिन्न स्थानों पर तलाश की।

■ पुलिस ने तीन सिक्योरिटी गार्डों को भी गिरफ्तार किया है, जो सम्प्रेषण गृह से बाल अपचारियों को भगाने में शामिल थे

जब इन बाल अपचारियों की लोकेशन पर पुलिस पहुंचती लेकिन उससे पहले वह भाग निकलते। कल मध्य रात्रि को मुखबिर की सूचना मिली कि दोनों बाल अपचारी महिला का भेष धारण कर एक ही बाइक पर धौलपुर की तरफ जा रहे हैं, गढ़ी बजाना थाना क्षेत्र से दोनों को पुलिस ने पकड़ा। साथ ही तेज बाइक चलाने के कारण गिर पड़े और चोटिल हो गए, जिनका उपचार आरबीएम अस्पताल में चल रहा है। दोनों से पूछताछ में सामने आया है कि धौलपुर निवासी बाल अपचारी अजीत का जमीन के चलते विवाद था और इसी कारण अपने एक परिचित की हत्या की फिराक में था जबकि भरतपुर का निवासी बाल अपचारी अपने गांव के किसी एक व्यक्ति की हत्या करने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने दोनों को समय रहते गिरफ्तार कर दो घटना होने से बचा ली। दोनों बाल आचारियों को भगाने के मामले में रेक्शों सुरक्षा गार्ड गोपाल, ओमप्रकाश, संदीप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह तथ्य सामने आया है कि आरोपी अजीत द्वारा बाल संप्रेषण गृह से फरार होने के बाद मध्य प्रदेश के सरायझूला में एक लोकल बदमाश के साथ मिलकर अवैध कट्टे की नोंक पर दो लूट की घटनाओं को अंजाम दिया, जिसमें यह आरोपी वांछित है।

# भीलवाड़ा से 15 फायर फाइटर बाड़मेर भेजी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। सीमा पर तैनात सैनिकों की हिम्मत और मनोबल बढ़ाने के लिए राजस्थान सरकार भी पीछे नहीं है ना ही औद्योगिक नगरी भीलवाड़ा पीछे है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भीलवाड़ा से 15 फायर फाइटर बाड़मेर और पांच दमकल गंगानगर के लिए रवाना की गई है। प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ते तनाव को देखकर सरकार और स्थानीय प्रशासन ने यह निर्णय लिया और दलों को रवाना किया गया।

गौरतलब है कि इन दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच भारी तनाव के हालात बने हुए हैं। ऐसे में राजस्थान से सटी हुई पाकिस्तान की सीमाओं को सुरक्षित करने और किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए न सिर्फ आर्मी बल्कि स्थानीय पुलिस के साथ-साथ फायर और प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह से जुटा हुआ है। देश की इस जंग में हिस्सा बनने के लिए भीलवाड़ा से 15 फायर फाइटर बाड़मेर के लिए और पांच फायर ब्रिगेड गंगानगर के लिए रवाना की गई।

■ पांच दमकल गाड़ी गंगानगर के लिए रवाना की

# लकड़ियों से भरी तीन पिकअप जब्त

**झुंझुनूं,** (निसं)। हरी लकड़ियों का अवैध व्यापार करने वालों के खिलाफ उप वन संरक्षक उदाराम सियोल के निर्देशन में वन विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरूवार देर रात को झुंझुनूं रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी विजय कुमार फगेड़िया के नेतृत्व की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक साथ तीन पिकअप गाड़ियों को जब्त किया है।

रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि डीएफओ के निर्देशन में मुखबिर की सूचना मिली। जिस पर टीम मौके पर पहुंची और नाकाबंदी शुरू की। उदावास गांव के निकट अवैध हरी लकड़ियों से भरी पिकअप गाड़ियों का पीछा किया और रूकवाकर चेकिंग किया तो पाया कि इसमें खेजड़ी समेत अन्य प्रतिबंधित लकड़ियां भरी हुई थी।

# एनडीपीएस एक्ट व चोरी मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस थाना जोबनेर ने गिरफ्तार किया। आनन्द शर्मा उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया कि पुलिस थाना जोबनेर ने 18 फरवरी को बजरंग कॉलोनी रेनवाल में अवैध मादक पदार्थ गांजा 3.80 ग्राम व स्मैक 6 ग्राम जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया था परन्तु आरोपी पुलिस को देखकर मादक पदार्थ से भरे थेले को फेंक कर भाग गया था। वहीं 8 मई को परिवादी ने नया बाजार जोबनेर में फैंसी स्टोर की दुकान में रखे श्री कृष्ण गोशाला दानपात्र से दो लड़कों द्वारा करीब 7000 से 8000 रूपये चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इस प्रकार एनडीपीएस एक्ट में फरार व चोरी के मामले में वांछित आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनियां के निर्देशन में सुहैल थानाधिकारी जोबनेर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट व चोरी की मामले में फरार चल रहे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी संजय सासी पुत्र दिलीप कुमार सांसी निवासी नावा रोड़ रामगढ़ थाना दांतारामगढ़ जिला सीकर, एनडीपीएस एक्ट में व प्रवीण कुमार पुत्र स्व. सीताराम रैगर निवासी मीणों का मोहल्ला जोबनेर थाना जोबनेर जिला जयपुर चोरी के मामले में वांछित थे।

# अवैध लाल बजरी के प्लांट पर पुलिस ने छापा मारा, संचालक फरार

## भारी मात्रा में अवैध गारनेट, क्रेन, ट्रैक्टर-ट्रॉली और दो सेपरेटर मशीनें जब्त की

**माण्डलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ उपखण्ड के बीगोद थाना क्षेत्र में खटवाड़ा पंचायत के गांव मीणा की झोंपड़ियां में कृषि भूमि पर संचालित अवैध गारनेट (लाल बजरी) के प्लांट पर पुलिस ने छापा मारा।

मांडलगढ़ थाना अधिकारी प्रशिक्षु आईपीएस शिवा शर्मा की टीम ने गारनेट प्लांट पर दबिश देकर भारी मात्रा में गारनेट, क्रेन और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ दो सेपरेटर मशीनों को जब्त किया है। जब्त वाहनों को बीगोद थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर गारनेट बजरी माफ़िया में हड़कंप मच गया। प्रशिक्षु आरपीएस शिवा शर्मा ने बताया कि मीणा की झोंपड़ियां गांव में अवैध गारनेट की फैक्टरी संचालन किए जाने की मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस टीम के साथ मौक़े पर पहुंच कर कार्रवाई को अंजाम दिया।



बीगोद थाना क्षेत्र के मीणा की झोंपड़ियां में अवैध गारनेट की फैक्ट्री पर पुलिस ने दबिश दी।

■ मीणा की झोंपड़ियां गांव में लम्बे समय से अवैध गारनेट की फैक्टरी चल रही थी

■ बीगोद थाना पुलिस ने संचालक के ख़िलाफ़ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

■ कार्रवाई को लेकर गारनेट बजरी माफ़िया में हड़कंप मच गया

बीगोद थाना अधिकारी जय सुल्तान ने बताया कि मीणा की झोंपड़ियां निवासी भाग चन्द्र पिता बालूलाल बैरवा के खिलाफ अवैध गारनेट फैक्टरी चलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान फैक्टरी संचालक मौक़े से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने अवैध गारनेट फैक्टरी पर सेपरेटर मशीन, एक क्रेन, एक बिना नम्बरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और मौक़े पर रखे गारनेट के बैग को जब्त किया। वहीं अन्य सामग्री और मिट्टी मिक्स गारनेट का आंकलन खनिज विभाग द्वारा किया जा रहा है। मौक़े पर ग्रामीणों ने बताया कि गारनेट बजरी प्लांट काफी लंबे समय से खेती की जमीन पर चल रहा है, मशीनों की गड़गड़ाहट से आसपास खेतों में रहने वालों को परेशानी हो रही थी। गांव में गारनेट बजरी भरे वाहन तेज गति से निकलने से हादसे की आशंका बना रहती है।

# बेटी से पिता ने दुष्कर्म किया

**पाली,** (निसं)। पाली में एक नाबालिग को उसके ही पिता ने अपनी हवस का शिकार बनाकर कई बार रेप किया। इससे परेशान होकर पीड़ित नाबालिग ने अपनी नानी को पूरी बात बताई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शुक्रवार को पीड़िता का मेडिकल करवाया गया। घटना पाली जिले के एक थाना क्षेत्र की है। गुरुवार शाम को थाना क्षेत्र निवासी साढ़े 13 साल की पीड़िता अपनी नानी के साथ पहुंची और अपने साथ हो रही ज्यादती के बारे में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी मां नहीं है। तीन भाई-बहनों में वह सबसे बड़ी है। सभी एक ही घर में रहते है। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पिछले करीब दो साल में कई बार उसके पिता ने उसके साथ ज्यादती की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज की। शुक्रवार दोपहर को उसे मेडिकल के लिए पाली के एक हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसका मेडिकल करवाया। मामले की जांच महिला अनुसंधान सेल पाली के एएसपी नरेन्द्रसिंह देवड़ा कर रहे हैं।



इस बेहद ताकतवर तस्वीर के जरिए दिया गया संदेश अच्छी तरह बताता है कि हमारा देश ऐसा है। भारत सरकार ने नारी शक्ति का प्रदर्शन किया जिसके लिए सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद थीं। - **सानिया मिर्जा**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी, ऑपरेशन सिंदूर पर रिएक्शन देते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶

## यशस्वी जायसवाल



**टीम** इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने एक महीने पहले मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मांगकर गोवा से घरेलू क्रिकेट खेल की योजना बनाई थी। लेकिन अब 23 वर्षीय इस युवा खिलाड़ी ने अपने फैसले से यू-टर्न ले लिया है। जायसवाल ने एमसीए को एक ईमेल लिखकर अपनी एनओसी वापस लेने का अनुरोध किया है और कहा है कि वह आगामी घरेलू सीजन में मुंबई सीजन में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने लिखा कि, मैं आपसे विनम्र अनुरोध करता हूं कि मेरे द्वारा ली गई एनओसी को वापस लेने पर विचार करें।

**क्या आप जानते हैं ?...** कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीन आईपीएल खिताब जीते, 2012, 2014 और 2024।

## आईपीएल 2025 के शेष मैचों को तत्काल प्रभाव से 1 सप्ताह के लिए स्थगित करने का निर्णय : सैकिया

मुम्बई, 9 मई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों को एक सप्ताह के लिये स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार अपराह्न जारी एक बयान में कहा कि आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने सभी प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श के बाद आईपीएल को एक सप्ताह के लिए



स्थगित करने का फैसला लिया गया। बैठक में आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी शामिल थे। सैकिया ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति का व्यापक आकलन करने के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम



और स्थलों के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जायेगी। लखनऊ से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज वहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होने वाले मैच की टिकटों के पैसे लौटाये जा रहे हैं और स्टेडियम के सभी गेट बंद कर दिये गये हैं। सभी 10 फ्रेंचाइजी और प्रमुख हितधारकों को इस फैसले के बारे में सूचित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। इससे पहले गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को रद्द कर दिया गया था। मैच के बाद आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा था कि बोर्ड स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुये है और कोई भी आखिरी फैसला केंद्र सरकार के परामर्श से ही लिया जायेगा। आईपीएल 2025 में अभी तक 58 मैच हो चुके हैं, जिसमें धर्मशाला में मैच रद्द होना भी शामिल है। ग्रुप चरण में 12 मैच खेले जाने शेष हैं।

## कोलकाता और जयपुर के बाद दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम को उड़ाने की मिली धमकी

नई दिल्ली, 9 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच बीसीसीआई ने आईपीएल को स्थागित करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने ये फैसला देश औरखिलाड़ियों की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखते हुए लिया है।

इस बीच दिल्ली एंव जिला क्रिकेट संघ को एक धमकी भरा मेल मिला है।इस मेल में राष्ट्रीय राजधानी स्थिति ऐतिहासिक अरुण जेटली स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने इस बात की जानकारी दी। ये मैदान आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स



का घरेलू मैदान है। यहां 11 मई को दिल्ली और गुजरात टाइटंस के बीच मैच होना था।डीडीसीए ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। आईएएनएन के मुताबिक डीडीसीए को आए मेल में लिखा है कि, आपके स्टेडियम में बॉम्ब ब्लास्ट होगा। हमारे पास भारत में पाकिस्तान स्लीपर सेल है जो इस समय काफी एक्टिव है। ये ब्लास्ट हमारे लिए ऑपरेशन सिंदूर का बदला होगा।ये पहली बार नहीं है जब किसी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसी आईपीएल के दौरान कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। इसके अलावा जयपुर के सवाई मानसिंह और गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को भी उड़ाने की धमकी मिली थी।

## राजस्थान के अंडर-23 के तेज गेंदबाज अशोक का एनसीए प्रशिक्षण शिविर में चयन



जयपुर 9 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान के युवा तेज गेंदबाज अशोक शर्मा का चयन बीसीसीआई जूनियर चयन कमेटी ने आगामी 26 मई से 14 जून 2025 के दौरान बेंगलोरएनसीएके अंडर 23 हाई परफॉरमेंस कैम्प ( सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स ) प्रशिक्षण शिविर के लिए किया है। बीसीसीआई द्वारा आगामी घरेलुक्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों की प्रतिभा को ओरअधिक सुदृढ़ करने हेतु के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों परएनसीएसेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है।राष्ट्रिय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्य के युवा अंडर 23 खिलाड़ी अशोक शर्माको राजस्थान क्रिकेट संघ ने 25 मार्च 2025 को अंडर 23 आयु वर्ग में आरसीए एप्रिशियेशन अवार्ड देकर सम्मानित किया था।

## अंडर-16 और 19 की भारतीय बॉलीवाल टीम की ट्रायल आज साई सेंटर बैंगलोर में

जयपुर, 9 मई। अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी लवमीत कटारिया भी होंगे चयनकर्ता, साई सेंटर बैंगलोर मै 10 मई से 11 मई तक बंगलौर साई सेंटर में भारतीय वॉलीबॉल की सलेक्शन ट्रायल रखी गई है भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन की एडहॉक कमेटी के चेयरमैन श्री रोहित राजपाल और एडहॉक कमेटी की सदस्य अलख नंदा अशोक ने चयन ट्रायल के लिए 7 सदस्य कमेटी का गठान किया है जिसमें राजस्थान के लवमीत कटारिया को चयन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है लवमीत को सीनियर भारतीय वॉलीबॉल टीम की सलेक्शन ट्रायल में भी रखा गया था। लवमीत के चयन पर अर्जुन अवॉर्डी सुरेश मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी अशोक आसोपा, अंतर्राष्ट्रीय कोच जयनारायण चौधरी, पूर्व राजस्थान वॉलीबॉल के सचिव राजेंद्र जानू, गोपाला राम अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी आदि ने बधाई देकर लवमीत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पोस्टल क्रिकेट क्लब इंडिया पोस्ट ने नील कमल क्रिकेट क्लब को हराया



जयपुर, 9 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के पूल डी के मैच में पोस्टल क्रिकेट क्लब इंडिया पोस्ट (पी टी) ने नील कमल क्रिकेट क्लब को 41 रनों से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर पोस्टल क्रिकेट क्लब इण्डिया पोस्ट (पी टी) ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सौरभ चौहान के 10 रन, अजीम अख्तर के 21 रन, भैरा राम के 29 रन, चंद्र पाल सिंह के 73 रन नाबाद व रवि शर्मा के 20 रन नाबाद से 20 ओवर में 5 विकेट पर 178 रन बनाए। नील कमल क्रिकेट क्लब के लिए रौनक कुमावत ने 28 पर 2, गौरव वर्मा, दीपक शर्मा व आरव माथुर ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में नील कमल क्रिकेट क्लब ने अमन शेखावत के 23 रन, दर्शील के 31 रन, पुनीत शर्मा के 42 रन व अमन खोड़ा के 16 रनों से 18.5 ओवर में 137 रन बनाकर आउट हो गई। पोस्टल क्रिकेट क्लब इंडिया पोस्ट के लिए रजत छप्परवाल ने 11 पर 3, रवि शर्मा ने 27 पर 2, भैरा राम ने 35 पर 2, अभिमन्यु सिंह व चंद्र पाल सिंह ने एक - एक विकेट लिया।

## रोशन सारण के ऑलराउंड प्रदर्शन से नारायणा स्पोर्ट्स एकेडमी की आसान जीत



जयपुर, 9 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सेण्डफोल्ड क्रिकेट ग्राउण्ड कालवाड़ रोड़ पर खेले गये पूल-ई के मैच में रोशन सारण 31 रन व 9 रन पर 4 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन की बदोलत नारायणा स्पोर्टस एकेडमी ने कोडाई स्पोर्टस एकेडमी को 105 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। आज टॉस जीतकर नारायण स्पोर्टस एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये रोशन सारण 31 रन, गुलशन जांगिड़ 28 रन, नवीन बूरी 27 रन नाबाद, विकास जाट 17 रन, साहिल सिंह 13 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 199 रन बनाये, गेन्दबाजी में कोडाई स्पोर्टस एकेडमी की ओर से नेतिक अग्रवाल 29 रन पर 2 विकेट, हर्षित सिंह 30 रन पर 2 विकेट, दीपक कुमार 31 रन पर 2 विकेट, देवी लाल 35 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेन्दबाज रहें। 200 रन के विजय लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी कोडाई स्पोर्टस की ओर से भावेश कावट 34 रन नाबाद सुमित मीणा 18 रन, गुणवंश निर्वाण 13 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज नारायणा स्पोर्टस एकेडमी के गेन्दबाजों रोशन सारण 9 रन पर 4 विकेट, सोम्य शेखावत 1 रन पर 2 विकेट, तथा मनीष गुर्जर गुलशन जागिड व साहिल सिंह प्रत्येक 1-1 विकेट के समक्ष नहीं टीक सके और पुरी टीम 18.4 ओवर में 94 रन बनाकर सिमट गई। मैन ऑफ दा मैच रोशन सारण नारायण स्पोर्टस एकेडमी रहे।

## हेमू अधिकारी वो भारतीय क्रिकेटर जिसने युद्ध लड़ने के लिए छोड़ दिया अपना क्रिकेट डेब्यू

जयपुर, 9 मई। पिछले 75 सालों से पाकिस्तान ने किसी ना किसी कारण से भारत को परेशान किया है। पड़ोसी मुल्क की ओर से किए गए लगातार आतंकी हमलों से भारत की जमीन कई बार दहली है। दोनों देशों के बीच तीन युद्ध भी हुए। जहां भारत की विजय हुई जबकि पाकिस्तान को तीनों बार मुंह की खानी पड़ी।

पिछले कुछ दिनों से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इंडियन फोर्स ने सरहद पार से हुए कई हमलों को नाकाम किया है। इस कारण दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग आईपीएल का 18वां सीजन बीच में ही स्थगित करना पड़ा। सरहद पर भारतीय जवान दुष्मनों से देश की रक्षा करते हैं जबकि क्रिकेटर्स क्रिकेट के मैदान पर विपक्षी टीमों को हराकर देश का नाम रोशन करते हैं। लेकिन अब हम आपको अपनी इस रिपोर्ट में एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसने युद्ध



लड़ने के लिए अपना क्रिकेट डेब्यू ही छोड़ दिया। यहां जिस खिलाड़ी की बात हो रही है, उनका नाम हेमू अधिकारी था।

जिनका साल 2003 में निधन हो गया था। उन्होंने अपने करियर में 21 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 872 रन बनाए थे। बल्लेबाजी करते हुए उनके बल्ले से एक शतक और 4 फिफ्टी निकलीं। हेमू दाएं हाथ से लेग स्पिन गेंदबाजी भी किया करते थे और अपने छोटे से बॉलिंग करियर में उन्होंने 3 विकेट भी लिए।ये बात हैं 1940 के दशक की, जब दूसरे वर्ल्ड कप के शुरू होने से पहले ही हेमू अधिकारी क्रिकेट जगत में अच्छी पहचान बना चुके थे। लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट डेब्यू करने की बात आई तो उन्होंने इस सुनहरे मौके को छोड़ भारतीय आर्मी के साथ जुड़ कर देश सेवा को सर्वोपरि माना था। बता दें कि, साल 1947 में उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से सम्मानित किया गया था।

हेमू अधिकारी ने 1947 ने 1947 में अपना डेब्यू किया था और कुछ मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार डेब्यू के बावजूद उन्होंने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देनी जारी रखी थीं। वो पाकिस्तान के खिलाफ भी एक यादगार पारी खेल चुके हैं। 1952 में उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में नाबाद 81 रन बनाए और 10वें विकेट के लिए गुलाम अहमद के साथ रिकॉर्ड 109 रनों की पार्टनरशिप की थी।

## ट्राइऑन का हरफनमौला प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने श्रीलंका को 76 रनों से हराया

कोलंबो, 9 मई। क्लोई ट्राइऑन (74 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और एनेरी डर्कसेन (104) की शतकीय पारी के दम दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के छठे मुकाबले में श्रीलंका को 76 रनों से हराया। 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा और विष्मी गुणारत्ने की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े।

10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने हसिनी परेरा (30) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्राइऑन ने 14वें ओवर में विष्मी गुणारत्ने (24) को भी अपना शिकार बना लिया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजी टिक नहीं खेल सके। हर्षिता समाराविक्रमा (33) को एस नायडू ने आउट किया। नीलाक्षी डिसिल्वा (14) और मानुदी ननायक्करा (13) रन बनाकर आउट हुई। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक (52)रनों की पारी खेली। आखिरी तीन बल्लेबाजों और देवमी विहंगा (16), सुगंधिका कुमारी (शून्य) और मल्की मदारा (शून्य) पर आउट हुई। इन तीनों बल्लेबाजों को क्लोई ट्राइऑन ने आउट किया। श्रीलंका का आखिरी विकेट इनोशी प्रियदर्शिनी (शून्य) रनआउट के रूप गिरा। अनुष्का संजीवनी 32 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 42.5 ओवर में 239 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 76 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की त्रिकोणीय श्रृंखला से सम्मानजक विदाई हुई।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्लोई ट्राइऑन ने आठ ओवर में 34 रन देकर पांच विकेट लिये। अयाबोंगा खाका को दो विकेट मिले। सेशनी नायडू और मियां स्मिट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 68 रन जोड़े। देवमी विहंगा ने 14वें ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (38) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद देवमी विहंगा ने 16वें ओवर में लॉरा वुलफार्ट (33) को भी आउकर पवेलियन भेज दिया।

मियान स्मिट (आठ), लारा गुडॉल (दो) और सिनालो जाफ्टा (शून्य) को भी देवमी विहंगा आउट किया। नोंदुमिसो शांगसे (18) को चामरी अटापट्टू ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद एनेरी डर्कसेन और क्लोई ट्राइऑन की जोड़ी ने पारी को संभाला और सातवें विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी की। मनुडी नानायक्कारा ने एनेरी डर्कसेन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। एनेरी डर्कसेन ने 84 गेंदों में नौ चौके और पांच छक्के लगाते हुए (104) रनों की पारी खेली।

## दर्शकों को लौटाए जा रहे टिकट के पैसे

लखनऊ, 9 मई। आईपीएल 2025 एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसके चलते 9 मई को लखनऊ में होने वाला आरसीबी और लखनऊ सुपर जायंट्स का मैच भी स्थगित हो गया है। इसके बाद आरसीबी और एलएसजी मैच के टिकटों के पैसे लौटाए जा रहे हैं। लखनऊ से मिली जानकारी के मुताबिक आज और स्टेडियम के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा सभी 10 फ्रेंचाइजी और प्रमुख हितधारकों को इस फैसले के बारे में सूचित कर दिया गया है।ता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण आईपीएल को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया। बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है। ऐसे में राष्ट्रिहत सर्वोपरि है। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक हफ्ते के लिए स्थगित करने का फैसला किया है।

## विराट-रोहित ने बढ़ाया भारतीय सेना का मनोबल

नई दिल्ली, 9 मई। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने आखिरकार पाकिस्तान तनाव के बीच भारतीय आर्मी के लिए पोस्ट किया। भारत के ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान की तरफ से भारतीय शहरों को ड्रोन से निशाना बनाने की नाकाम कोशिशों से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। दरअसल, विराट कोहली ने पोस्ट करते हुए लिखा कि, हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के सात एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सलाम करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे और हमारे महान राष्ट्र के लिए उनके और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। वहीं रोहित शर्मा ने भी भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने लोगों को फेक न्यूज से बचने के लिए भी चेताया।

## तीरंदाजी विश्व कप 2 : कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्लेऑफ में, दीपिका और सालुंखे सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 9 मई। भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमश: महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई। मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए।

अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे। वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी।

वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा।

सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज़ रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 सेमात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज़ रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया।

## यूएई देगा पाक को झटका, पीएसएल को लेकर ठुकराएगा पीसीबी की मांग

नई दिल्ली, 9 मई। पाकिस्तान को भारत पर हमला करना भारी पड़ता दिख रहा है। वैश्विक स्तर पर उसकी जमकर आलोचना हो रही है। जिस कारण वह चारों तरफ से घिर गया है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी इसकी सजा मिल रही है। पीसीबी ने अपनी पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच दूसरे देश में कराने की इच्छा पर पानी फिर गया।पीसीबी की कोशिश थी कि वह पीएसएल के बाकी बचे मैच संयुक्त अरब अमीरत में कराए, लेकिन उसकी इस खाहिश पर पानी फिरता दिख रहा है। क्योंकि अमीरात क्रिकेट बोर्ड उसकी इस अपील को खारिज कर सकता है। इसका कारण भारत और पाकिस्तान के बीच हो रहा युद्ध है।

**पीसीबी को लगेगा झटका :** यूएई पीसीबी की पीएसएल मैच अपने यहां कराने की अपील को खारीज कर सकता है। पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि ईसीबी ने इस तरह के संकेत दिए हैं कि बोर्ड पीसीबी की अपील को खारिज कर सकता है। हालांकि,पीसीबी ने पहले ही ये ऐलान कर दिया है कि पीएसएल के बाकी मैच यूएई में होंगे लेकिन उसे झटका लगता दिख रहा है।

## वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2027 की मेजबानी कर सकता है भारत, बीसीसीआई लगाएगा बोली

नई दिल्ली, 9 मई। अब तक दोनों वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल इंग्लैंड में खेले गए हैं, वहीं 2025 का फाइनल इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा। कई बार इस विषय पर सवाल भी उठते रहे हैं कि, टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल इंग्लैंड से बाहर करवाया जाना चाहिए। अब एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2027 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को होस्ट करने की इच्छा जता सकता है।भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी करना चाहता है और इसके लिए बोली भी लगा दी है। बीसीसीआई ने ये मांग अरुण सिंह धूमल ने उठाई थी, जो अभी आईपीएल चेयरमैन पद पर भी विराजमान हैं।वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का सबसे पहला फाइनल 2021 में इंग्लैंड के हैम्पशायर में खेला गया था। उस खिताबी भिड़ंत में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दूसरा फाइनल 2023 में खेला गया, जिसकी मेजबानी लंदन स्थित द ओवल मैदान ने की थी। इस बार भारतीय टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों से हराया था।

## ओडिशा की बेटियों ने रचा इतिहास, खो-खो में महाराष्ट्र को हराकर जीता स्वर्ण

गया, 9 मई। बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में ओडिशा की लड़कियों ने एक जबरदस्त उलटफेर करते हुए खो-खो के अंडर-18 वर्ग में पावरहाउस महाराष्ट्र को रोमांचक मुकाबले में 34-31 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया वहीं ओडिशा के लड़कों को इसी वर्ग में महाराष्ट्र से 25-34 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बिपार्ड परिसर, गया में खेले गए फाइनल मुकाबले में समरनिका साहू (12 अंक) की कप्तानी में ओडिशा की टीम ने पिछड़ने के बावजूद जबरदस्त वापसी करते हुए मैच का पासा पलटा और इतिहास रच दिया। वर्ष 2024 के खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रजत जीतने वाली यह टीम इस बार अपने पदक का रंग सोने में बदलने में कामयाब रही।

## आर्सेनल को हराकर चैम्पियंस लीग के फाइनल में पहुंचा, इंटर मिलान से होगा खिताबी मुकाबला

नई दिल्ली, 9 मई। पेरिस सेंट-जर्मेन यानी पीएसजी ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उसका सामना इटैलियन क्लब इंटर मिलान से होगा।सेमीफाइनल के पहले चरण में 1-0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियमानलुईगी डोनारुम्मा के बेहतरीन प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई। पीएसजी दूसरी बार यूरोप के इस टॉप क्लब टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह पांच साल पहले उपविजेता रहा था। उसने सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के रियाल मैड्रिड से जुड़ने के बाद पहले सत्र में ही ये कारनामा किया। पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा कि, मैंने पहले दिन से कहा था कि हमारा लक्ष्य इतिहास बनाने की स्थिति में आने के लिए पर्याप्त मेहनत करना है। यही हमारा लक्ष्य है।

## जयपुर एलीट ने ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब को 2-0 से हराया

जयपुर, 9 मई। जेरथी फुटबॉल क्लब सीकर ग्राउंड, मानसरोवर जयपुर व चौगान स्टेडियम जयपुर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव श्री दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 4 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया अभी तक 66 मैच खेले जा चुके है।

**प्रथम मैच:-** जयपुर एलीट फुटबाल क्लब और ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच जयपुर एलीट फुटबाल क्लब ने 2/0 से शानदार जीत हासिल की । पहला हॉफ में 0/0 से बराबरी पर रहा दूसरे हॉफ में एलीट क्लब ने 2 गोल करके ने मैच जीत लिया। पहला गोल महीपत ने 68, मिनट और लक्ष्य ने 70, मिनट पर गोल किया।

**दूसरा मैच :-** जेरथी फुटबाल क्लब सीकर और रॉयल के बीच खेला गया मैच रॉयल फुटबाल क्लब ने 1/0 से



शानदार जीत हासिल की। रॉयल की तरफ से गोल अनुज ने 38, मिनट पर गोल किया।

**तीसरा मैच :-** ए एस एल फुटबाल क्लब और रियल फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच ए एस एल फुटबाल क्लब ने 4/0 से शानदार जीत हासिल की । पहले हॉफ 0/0 से बराबरी पर रहा दूसरे हॉफ में 4 गोल करके ए एस एल ने मैच जीत लिया । पहला गोल करण ने 68, मिनट, युवराज ने 79, मिनट पर, हर्ष 92, मिनट हिमांशु 95, मिनट पर गोल किए।

**चौथा मैच :-** सनराइज फुटबाल क्लब और जयपुर राइजिंग फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच सनराइज फुटबाल क्लब ने 5/2 से शानदार जीत हासिल की । जयपुर राइजिंग से पहला गोल प्रोसेनजीत ने 15, मिनट पर युधिष्ठिर 84, मिनट गोल किए, सनराइज की तरफ से मुकेश ने तीन गोल 36,53,36, मिनट पर किए। गणेश 70 ,रानू राणावत 84, मिनट में गोल किए । आगामी फुटबॉल लीग मैच 11 मई को खेले जाएंगे।

## निशानेबाजी : महाराष्ट्र ने जीता स्वर्ण, बिहार को मिली कांस्य पदक

नयी दिल्ली, 9 मई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक तथा बिहार की दिव्या-रुद्र की जोड़ी ने कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में यूपी की टीम को 16-14 अंक से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। आज डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

महाराष्ट्र की शंभवी श्रवण क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने की जोड़ी ने कर्नाटक की हृदया श्री कोंडूर और नारायण प्रणव वनीथा सुरेश की टीम को 16-12 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा लेकिन महाराष्ट्र की जोड़ी ने बेहतर संयम और सटीकता का परिचय देते हुए मुकाबला जीता। कर्नाटक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

वहीं बिहार की दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की निशानेबाज जोड़ी ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी के कांस्य पदक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की अनन्या और अंश डबास की जोडी को 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक अपने नाम किया। यह जीत न केवल बिहार के खेल इतिहास में एक सुनहरा पन्ना जोड़ती है, बल्कि राज्य के युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई उड़ान भी देती है। मुकाबले की शुरुआत से ही स्कोर बेहद करीबी रहा।

# मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक में आपदा राहत तैयारियों की समीक्षा की

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने आमजन से सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचने की अपील की

जयपुर, 9 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए, शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक लेकर प्रशासनिक और आपदा राहत तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभारी मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रभारी सचिवों को अपने क्षेत्रों में निरन्तर सम्पर्क बनाए रखने और आवश्यकता के अनुरूप जरूरी संसाधनों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि राजस्थान की लम्बी अन्तरराष्ट्रीय सीमा को देखते हुए प्रदेशवासियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इसे देखते हुए आमजन सोशल मीडिया पर चलने वाली भ्रामक और अफवाह फैलाने वाली खबरों का प्रसार करने से बचें और सरकार द्वारा जारी अधिकृत सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद प्रेस वार्ता में बताया कि मंत्रिपरिषद् की बैठक में आपात स्थिति के समय उठाए जाने वाले सभी आवश्यक कदमों और उनकी तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने सीमावर्ती जिलों में रिक्त पदों को तुरंत भरने का काम शुरू कर दिया है। बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर एवं श्रीगंगानगर जिलों में 5-5 करोड़ तथा जोधपुर, हनुमानगढ़ एवं फलौदी जिलों में 2.5-2.5 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री सहायता कोष के नियमों में शिथिलता प्रदान कर स्वीकृत किए गए हैं। आरएसी, एसडीआरएफ, बॉर्डर होमगार्ड इत्यादि की अतिरिक्त नफरी सीमावर्ती क्षेत्रों में भेजी जा रही है। जोगाराम पटेल ने कहा कि बैठक में मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न, दवाइयों सहित, अन्य जरूरी वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई है कि वे प्रशासनिक निर्देशों और केन्द्र एवं राज्य सरकार की एडवाइजरी की पालना के लिए आमजन को प्रेरित करें तथा छोटी से छोटी घटनाओं पर नजर रखते हुए अफवाहों को फैलने से रोकें।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक लेकर प्रशासनिक और आपदा राहत तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभारी मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रभारी सचिवों को अपने क्षेत्रों में निरन्तर सम्पर्क बनाए रखने और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

■ मंत्रिपरिषद की बैठक में तय किया गया कि आरएसी, एसडीआरफ, बॉर्डर होमगार्ड इत्यादि की अतिरिक्त नफरी सीमावर्ती क्षेत्रों में भेजी जाये तथा पुलिस व प्रशासन 24 घंटे मुस्तैद रहे।

# देश के 20 एयरपोर्ट 15 मई तक बंद रहेंगे

नई दिल्ली, 09 मई। भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद, 7 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स को 15 मई तक बंद किया गया है। पहले ये 10 मई तक के लिए बंद किए गए थे। ये एयरपोर्ट्स जिन राज्यों में हैं, उनमें- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश शामिल हैं। वहीं, ईंधन की कमी से फर्जी अफवाहों के बीच तेल कंपनियों ने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक है। घबराकर, खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। सरकारी कंपनियों-इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अलग-अलग बयानों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने का भरोसा दिलाया है। वहीं, पिछले दो दिन में दिल्ली एयरपोर्ट से 138 घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल की गई हैं। इस बीच, मुंबई एयर ट्रैफिक कंट्रोल पर दबाव बढ़ गया है। पाकिस्तान का एयरस्पेस बंद होने के चलते मुंबई, यूरोप, उत्तर और दक्षिण अमेरिका की फ्लाइट्स हैंडिल कर रहा है।

■ ये हवाई अड्डे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात व मध्यप्रदेश में हैं।

# सीमा से लगे 19 जिलों में स्कूल बंद

नई दिल्ली, 09 मई। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद, भारत की आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने 8 मई को सीमा से सटे जिलों में रिहायशी इलाकों को टारगेट कर हमला किया था। भारतीय डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया। हालांकि बॉर्डर से सटे राज्यों और जिलों में तनाव की स्थिति बन गई है। ऐसे में इन राज्यों के कई जिलों में स्कूल बंद की गई हैं। इससे संबंधित नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है।

7-8 मई की रात पाकिस्तान ने सीमा से सटे 6 राज्यों में मिसाइल हमले का प्रयास किया था। इन राज्यों के 19 जिलों में स्कूलों को बंद रखने और ऑनलाइन क्लासेस शुरू करने के आदेश जारी किए गए हैं। राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और जैसलमेर जिलों में अगले आदेश के जारी होने तक स्कूल बंद रखे जाएंगे। यहां पर रात 9 से सुबह 4 तक ब्लैकआउट, फाइट्स बंद। जम्मू-कश्मीरके जम्मू, उधमपुर, पुंछ, उरी और बारामूला जिलों में 9 और 10 मई को स्कूल बंद रहेंगे। यूनिवर्सिटी को भी बंद किया गया।

लद्दाख में भी 9 से 10 मई तक स्कूल बंद रहेंगे। नागरिकों से अलर्ट रहने और इमरजेंसी में 112 पर कॉल करने को कहा गया है। हरियाणा के पंचकूला में स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। यहां भी 9 मई से 10 मई तक स्कूल बंद रहेंगे। यहां पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। चंडीगढ़ में भी बाकी क्षेत्र की तरह 9 मई से 10 मई तक स्कूल बंद रहेंगे। पंजाब यूनिवर्सिटी की होने वाली परीक्षाएं भी रद्द कर दी गई हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर चले रहे तनाव की वजह से दिल्ली को हाई अलर्ट पर रखा गया है। जी हां, यहां पर भी कई प्राइवेट स्कूलों ने शुक्रवार को क्लासेस नहीं लगाईं, बल्कि इनकी जगह पर ऑनलाइन मोड क्लासेस संचालित की गईं।

वहीं, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, यानी आईसीएआई ने मई में होने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन कोर्स एग्जाम को पोस्टपोन किया है।

■ पाकिस्तान के लगातार हमलों के कारण इन स्कूलों ने ऑनलाइन क्लास शुरु की है।

# राजनाथ सिंह की शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक

नयी दिल्ली, 09 मई। भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से हताश और बौखलाए पाकिस्तान के गुरूवार रात पश्चिमी सीमा से लगते क्षेत्रों में मिसाइल और ड्रोन से विफल हमलों के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार सुबह यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और रक्षा सचिव राजेश कुमार ने हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने रक्षा मंत्री को पाकिस्तानी सेना की पश्चिमी सीमा से लगते क्षेत्रों में हमले की कोशिश और भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा इसे विफल किये जाने की जानकारी दी।

# क्या अपंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर एफआईआर दर्ज हो सकती है

जयपुर, 9 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या अपंजीकृत और बिना उचित स्टांप वाले दस्तावेजों के आधार पर एफआईआर दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा, अदालत ने आयकर और ईडी से यह बताने को कहा है कि स्टांप एक्ट सहित अन्य संबंधित अधिनियमों के प्रावधानों की अवहेलना करने पर क्या कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में चल रहे अनुसंधान को जारी रखने को कहा है, लेकिन अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश शंकर खंडेलवाल की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि मामले में कोई भी आदेश देने से पूर्व यह देखना जरूरी है कि क्या अस्वीकार्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर सकती है या नहीं? अदालत ने कहा कि प्रकरण में बताया गया कि लेनदेन, स्टांप अधिनियम और आयकर अधिनियम के प्रावधानों के बाहर किए गए थे, जो धन शोधन निवारण अधिनियम की अनुसूची ए के तहत अपराध की श्रेणी में आते हैं। अदालत ने कहा कि प्रकरण में स्टांप अधिनियम की धारा 35 की अवहेलना की गई है और दस्तावेज भी अपंजीकृत व विधिवत स्टांप नहीं किए गए हैं। ऐसे में राज्य सरकार और आयकर विभाग सहित, ईडी अपना जवाब पेश करे।

■ हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा।

# 'सिंधु जल संधि में हमारी केवल मददगार की भूमिका है'

## विश्व बैंक के अध्यक्ष ने भारत को फैसला पलटने के लिए मजबूर करने वाली रिपोर्टों का खंडन किया

नयी दिल्ली, 09 मई। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि विश्व बैंक सिंधु जल संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले में हस्तक्षेप कर सकता है और इस फैसले को पलटने के लिए उसे मजबूर कर सकता है।

केन्द्र सरकार के सूचना तंत्र प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने 'एक्स' पर बंगा के हवाले से एक पोस्ट में कहा है, एक मददगार के अलावा हमारी और कोई भूमिका नहीं है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक कैसे हस्तक्षेप करेगा और समस्या को कैसे ठीक करेगा, लेकिन ऐसी बातें व्यर्थ हैं। विश्व बैंक की भूमिका केवल मददगार की है।

उल्लेखनीय है कि भारत ने सिंधु जल बंटवारे पर भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 की संधि को 22 अप्रैल 2025 के पहलगाव आतंकवादी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को स्थगित कर दिया था। कथित रूप से, पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाले चार आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इनमें एक व्यक्ति नेपाल का नागिक था।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरुवार को कहा था कि सिंधु जल संधि जिन परिस्थितियों में संपन्न हुई थी, उनमें मौलिक परिवर्तन हुए हैं... इसकी समीक्षा के लिये पिछले ढ ाई वर्षों से भारत, पाकिस्तान सरकार को लिखता रहा है।

मिसरी ने संवाददाताओं से कहा, हमने संधि में संशोधन पर चर्चा के लिये वार्ता का अनुरोध करते हुये उन्हें कई नोटिस भेजे हैं। भारत छह दशकों से भी अधिक समय से इस संधि का सम्मान करता आ रहा है, यहां तक कि उस समय भी, जब पाकिस्तान ने हम पर कई युद्ध थोपे थे। पाकिस्तान संधि का उल्लंघन करता रहा है तथा जानबूझकर भारत के पश्चिमी नदियों पर अपने वैध अधिकारों का प्रयोग करने में कानूनी बाधायें खड़ी करता रहा है।

उन्होंने यह भी कहा, यह भारत का धैर्य ही है कि हम पिछले 65 वर्षों से, इतने उकसावे के बाद भी, संधि का पालन करते आ रहे हैं। अब स्थितियां बदल गयी हैं। यह संधि 50 और 60 के दशक की इंजीनियरिंग तकनीकों पर आधारित थी। तकनीकी बदलावों और उन्नति को ध्यान में रखना होगा।

■ भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, भारत धैर्य से 65 साल से उकसाने के बावजूद संधि का पालन कर रहा है। अब स्थितियाँ बदल गई हैं। तकनीकी बदलाव व उन्नति का ध्यान रखना होगा।

# आपातकालीन स्वास्थ्य सेवायें हरदम तैयार रहें

नयी दिल्ली, 09 मई। पाकिस्तान के साथ बढ़ ते सैन्य तनाव के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश में सभी चिकित्सा आपातकालीन और स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को हर समय तैयार रहने का निर्देश दिये हैं। नड्डा ने शुक्रवार को यहां आपातकालीन एवं स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की तैयारियों की एक समीक्षा बैठक में कहा कि पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं और प्रणालियों का संचालन और कार्यशील होना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी राज्य सरकारों, विशेषकर सीमावर्ती राज्यों के साथ जमीनी स्तर पर संपर्क प्रभावी ढ ंग से स्थापित किए जाएँ, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि मंत्रालय में 24 घंटे सातों दिन एक नियंत्रण और कमान केंद्र को निगरानी करनी चाहिए तथा राज्यों को सहायता प्रदान करनी चाहिए। मंत्रालय ने अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक दवाओं, रक्त, ऑक्सीजन, ट्रॉमा केयर किट आदि की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की सलाह दी है। केंद्रीय सरकारी अस्पतालों ने डॉक्टरों और नर्सों को जुटाया है।

# पाकिस्तान आम नागरिकों को निशाना बनाकर फायरिंग कर रहा है

## सैन्य अधिकारियों ने कहा कि इसमें पाकिस्तान की बौखलाहट साफ नज़र आ रही है

नई दिल्ली, 09 मई। भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान की बौखलाहट साफ नजर आ रही है। पाकिस्तान एलओसी से लगातार आम नागरिकों को निशाना बनाकर फायरिंग कर रहा है। गुरुवार को उसने 14वें दिन सीजफायर का उल्लंघन किया है। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी में 13 नागरिकों की मौत हो गई और कुल 59 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने बताया कि कुल घायलों में से 44 पुंछ के हैं।

सैन्य अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा के पास कई सेक्टरों में भारी गोलीबारी कर रही है, जिसका भारतीय सेना मजबूती से जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि 7 और 8 मई की मध्य रात्रि में पाकिस्तान सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पार छोटे हथियारों और तोपों से फायरिंग की।

दरअसल, भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। वहीं, कई दिनों से पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा था। भारत की कार्रवाई के बाद से पाकिस्तान ने एलओसी पर हमला तेज कर दिया है।

बढ़ते तनाव को देखते हुए, स्थानीय लोगों को बंकरों में शरण लेना पड़ी। गोलीबारी की वजह से सीमावर्ती निवासियों में दहशत का माहौल है। अधिकारियों ने आदेश दिया है कि जम्मू क्षेत्र के पांच सीमावर्ती जिलों में सभी शैक्षिणक संस्थान बंद रहेंगे।

गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं, चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था।

■ कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर में स्थानीय लोगों को बंकरों में शरण लेनी पड़ रही है। गोलीबारी के कारण दहशत का माहौल है।

■ भारतीय सेना एलओसी के पार से हो रही गोलीबारी का मजबूती से प्रभावी जवाब दे रही है।

# भारत पाक "युद्ध" ....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नौसेना ने कराची और उसके बंदरगाह को तबाह कर दिया है। यहां तक कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख के पकडे जाने की भी अफवाह फैलाई गई। इस दौरान, तथाकथित "गोदी मीडिया", जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा में कोई कसर नहीं छोड़ता, ने ऐसा माहौल बना दिया, मानो भारत ने पाकिस्तान को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया हो, उसके नेता भाग गए हों और पाकिस्तान में जनता के लिए कोई आशा न बची हो। लेकिन सुबह होते-होते स्थिति सामान्य हो गई। लेकिन, सरकार ने न तो इन चैनलों को कोई चेतावनी दी, और न ही इस प्रकार के झूठ फैलाने से रोका। इसके विपरीत, वो यूट्यूब चैनल, जो सरकार की लाइन से अलग जाकर सवाल उठाते हैं, प्रतिबंधित कर दिए गए। इनमें 'द वायर' भी शामिल था, जिसे, हालांकि, देर रात बहाल कर दिया गया। एक वरिष्ठ पत्रकार की टिप्पणी विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है कि नरेन्द्र मोदी गोदी मीडिया के टीवी स्क्रीन से गायब हैं, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सभी फैसले और बैठकें ले रहे हैं। लग रहा है कि भारत और पाकिस्तान लंबे समय तक एक सैन्य गतिरोध में उलझे रह सकते हैं। यह देखना बाकी है कि यह कब तक चलेगा।

# श्रीनगर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ड्रोन गतिविधि उस दिन के ठीक एक दिन बाद हुई है, जब भारत ने पाकिस्तानी सेना द्वारा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने वाले ड्रोन और मिसाइलों से किए गए हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया था। नए अलर्ट आगे के उकसावों और बढ़ ी हुई सतर्कता की आवश्यकता के बारे में चल रही चिंताओं को दर्शाते हैं।

# पेपर लीक आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

जयपुर, 9 मई। सत्र न्यायालय, महानगर प्रथम ने जेल प्रहरी भर्ती-2018 के परीक्षा के पेपर लीक के आरोपी देवव्रत सांगवान की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। पीठासीन अधिकारी नंदिनी व्यास ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी को लंबे समय से अनुसंधान के लिए बुलाया जा रहा था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। उसकी तलाश के लिए कई जगहों पर दबिश दी गई। इससे केस के अनुसंधान में देरी हुई है। यह मामला सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम व अन्य गंभीर अपराधों से जुड़ा हुआ संगठित अपराध है। आरोपी को जमानत देने से समाज व परीक्षार्थियों का मनोबल भी कम होता है। इसलिए आरोपी को जमानत नहीं दे सकते।

आरोपी की ओर से जमानत अर्जी में कहा गया कि उसे प्रकरण में झूठा फंसाया है। वह प्रतिष्ठित व्यक्ति है और 24 मार्च से अभिरक्षा में है। उसके भागने का अंदेशा नहीं है, और न वह गवाहों को प्रभावित करेगा। इसके अलावा, प्रकरण में कई अन्य आरोपियों की जमानत हो चुकी है, इसलिए उसे जमानत दी जाए। इसके विरोध में लोक अभियोजक लियाकत खान ने कहा कि प्रकरण में अभी अनुसंधान बाकी है। आरोपी ने अन्य सह आरोपी करन व जगजीत सिंह, टीसीएस कंपनी के प्रोजेक्ट कंटेंट मैनेजर से मिलकर पेपर की उत्तर कुंजी नकल गैंग को मुहैया कराई। वहीं, उस पर परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र व उत्तर कुंजी को अभ्यर्थियों को पढ़वाकर उनका चयन कराने का गंभीर आरोप है।

# पाकिस्तान के 400 ड्रोन के हमले का भारत ने करारा जवाब दिया

## धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर साम्प्रदायिक विवाद भड़काना चाहती है, पाकिस्तानी सेना

नयी दिल्ली, 09 मई। भारत ने आज कहा कि पाकिस्तान की ओर से भड़काऊ कार्रवाई बंद नहीं हो रही है और वह नीचता की हदें पार करते हुए सीमापार धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर सांप्रदायिक विवाद भड़काना चाहता है, जिसका भारतीय सशस्त्र बल करारा जवाब दे रहे हैं। भारत ने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने जानबूझ कर सीमा के समीप के वायुक्षेत्र को नागरिक उड़ानों के लिए खोला हुआ है, ताकि उसे ढ ाल के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने शुक्रवार शाम यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पहलगाम हमले के बाद सशस्त्र सेनाओं द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने गुरूवार शाम को एक बार फिर भड़काने वाली नापाक हरकत करते हुए भारतीय सीमाओं का उल्लंघन किया तथा तुर्किए के करीब 300 से 400 ड्रोन्स से भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने तथा 36 जगहों पर घुसपैठ कराने की असफल कोशिश की, जिसका भारतीय सशस्त्र बलों ने करारा जवाब दिया और पाकिस्तान के चार वायु रक्षा ठिकानों पर जोरदार कार्रवाई की।

मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान ने हमले के दौरान जानबूझ कर नागरिक हवाई क्षेत्र को बंद नहीं किया और नागरिक विमानों का ढ ाल के रूप में इस्तेमाल किया। साथ ही, भारत ने ननकाना साहिब गुरूद्वारे पर हमले के पाकिस्तान के आरोप को भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि इस तरह के भ्रामक दुष्प्रचार से पाकिस्तान भारत में सांप्रदायिक विवाद पैदा करना चाहता है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा कल रात की गई ये भड़काऊ और आक्रामक कार्रवाइयां भारतीय शहरों और नागरिक बुनियादी ढ ांचे के अलावा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की गईं। भारतीय सशस्त्र बलों ने आनुपातिक, पर्याप्त और जिम्मेदारी से जवाब दिया। पाकिस्तान द्वारा किए गए इन हमलों का पाकिस्तानी सरकारी मशीनरी द्वारा आधिकारिक और स्पष्ट रूप से हास्यास्पद खंडन करना, उनकी कपटपूर्णता और नीचता का एक और उदाहरण है, जिसे वे गर्व से बता रहे हैं।

■ भारत के विदेश सचिव ने कहा कि नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं करके पाकिस्तान नागरिक विमानों का उपयोग ढाल के रूप में कर रहा है।

# पोकरण पर दो बार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

श्रीगंगानगर में रेड अलर्ट जारी किया गया है। हाई अलर्ट के बीच बॉर्डर वाले जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, फलोदी के साथ ही जोधपुर में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। जैसलमेर में ब्लैकआउट के दौरान घरों के बाहर लगे मीटर की लाइट नहीं दिखे, इसलिए उन्हें टेप और कपड़ों से ढ का गया है।

पोकरण में हुए ड्रोन अटैक के बाद जैसलमेर जिले में पूरी तरह से ब्लैकआउट है। एयरफोर्स की ओर से सायरन बजाकर सभी को अलर्ट किया गया है। जोधपुर में पहले रात 12 बजे से ब्लैकआउट का समय तय किया गया था। लेकिन, पोकरण में हुए ड्रोन अटैक के बाद तुरंत प्रभाव से पूरे शहर की लाइट बंद कर दी गई। जैसलमेर के पोकरण में ड्रोन अटैक के बाद तेज आवाज में सायरन बजना शुरू हो गया। सभी जगह ब्लैकआउट कर दिया गया है। पोकरण में ड्रोन अटैक के बाद श्रीगंगानगर जिले में रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिलेभर में पूरा ब्लैकआउट किया है। पोकरण से आगे हाईवे पर किसी भी वाहन की लाइट जलाने की मनाही है। बस और दूसरे वाहन बिना लाइट के रोड पर चल रहे हैं।

# सेना मूवमैंट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना की मूवमैंट से संबंधित किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करना तथा उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करना विधि विरुद्ध है। ऐसे कृत्य पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# आप अब टैरिटोरियल "आर्मी" ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रभावी ढंग से सामना किया और उन्हें विफल किया। इन हमलों से भारत के सैन्य व सिविलियन ठिकानों के लिए खतरा पैदा हुआ।

रक्षामंत्री द्वारा बुलाई गई मीटिंग में चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ जनरल अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, इंडियन एयर फोर्स चीफ मार्शल ए.पी. सिंह तथा रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

भारतीय सेना ने शुक्रवार की सुबह कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने भारतीय क्षेत्र पर कई हमले किये, जिन्हें "प्रभावी तरीके से नाकाम कर दिया गया तथा (उनका) माकूल जवाब दिया गया।"

पाकिस्तान ने 8 और 9 मई की दरमियानी रात को ड्रोन और अन्य घातक हथियारों को काम में लेते हुये भारत की पूरी पश्चिमी सीमा पर अनेक हमले किये। पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर अनेक बार युद्ध-विराम का उल्लंघन भी किया।

भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स" पर कहा, "हम देश की सम्प्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध हैं। हर नापाक इरादे का पूरी ताकत से जवाब दिया जायेगा।"

पाकिस्तान ने गुरुवार रात को भारत के साथ सैन्य मुठभेड़ में और वृद्धि कर दी, जो साफतौर पर संघर्ष को और बड़ा करने की पहल है। शुक्रवार सुबह तड़के तक पाकिस्तानी हमले चलते रहे।

पाकिस्तान ने उत्तरी एवं पश्चिमी भारत के अनेक स्थानों पर हमले करने की कोशिश की, जिन्हें विफल कर दिया गया। भारत ने जवाबी कार्यवाही की है, जिसके विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

# 'पाकिस्तान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि (फिस्कल कन्सॉलिडेशन) को प्रभावित करेगा, सरकार के राजकोषीय सुधार प्रयासों को नुकसान पहुंचाएगा और विदेशी वित्तीय सहायता तक पाकिस्तान की पहुंच को बाधित करेगा।"

जहाँ तक भारत का सवाल है, एजेंसी ने कहा कि रक्षा खर्च में वृद्धि से भारत की राजकोषीय मजबूती पर असर पड़ सकता है और राजकोषीय संतुलन की प्रक्रिया धीमी हो सकती है, हालांकि समग्र रूप से भारत की स्थिति सार्वजनिक निवेश और निजी उपभोग की मजबूती के कारण स्थिर बनी रहेगी।

# पाकिस्तान के आक्रमण ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सशस्त्र ड्रोन को बठिंडा सैन्य स्टेशन को निशाना बनाने के लिए भेजा गया था, लेकिन यह प्रयास विफल कर दिया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने कहा, "हमारी सेना ने काइनैटिक और नॉन काइनैटिक साधनों से कई पाकिस्तानी ड्रोन्स को मार गिराया।"

भारतीय सेना व विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि पाकिस्तान के हमले के जवाब में, भारत ने पाकिस्तान के चार वायु रक्षा ठिकानों पर सशस्त्र ड्रोन तैनात किए। एक ड्रोन ने एक एयर डिफैंस रडार सिस्टम को पूरी तरह नष्ट कर दिया।

बाद में, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तानी पक्ष ने धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाया, जो कि पाकिस्तान के लिए भी एक नया निम्न स्तर है। मिसरी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने बिलकुल उचित और अनुपातिक जवाब दिया है, जो पाकिस्तान की हरकतों के खिलाफ आवश्यक था।

# 'वॉशिंगटन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पाकिस्तान के बीच परमाणु संघर्ष को रोकना सुनिश्चित नहीं कर सकता। तेजी से बढ़ते तनाव, अमेरिकी प्रभाव की कमी, चीन की बढ़ती भूमिका, और क्षेत्रीय अविश्वास – इन सभी कारणों से अमेरिका की संकट नियंत्रक की भूमिका सीमित हो जाती है। आज के अस्थिर दक्षिण एशिया के लिये, अमेरिका एक महत्वपूर्ण आवाज़ तो हो सकता है, लेकिन युद्ध को रोकने के लिए निर्णायक शक्ति नहीं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600